twitter.com/divyadelhi facebook.com/divyadelhi infodivyadelhi@gmail.com Editor: Rajesh Chauhan

RNI No. DELHI/2013/54397

# दिव्य दिल्ली

divyadelhi.com | शुक्रवार, 04 जुलाई, 2025 | वर्ष: 12, अंक: 228, पृष्ठ: 08 | ₹ 05/- | दिल्ली से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

## स्पाइसजेट विमान की खिड़की का फ्रेम हवा में उखड़ा

**मुंबई**

गोवा से पुणे के लिए उड़ान भरने वाले स्पाइस जेट के विमान की खिड़की का फ्रेम बीच हवा में ही उखड़ गया। गनीमत रहा कि यात्रियों की सुरक्षा पर इसका असर नहीं पड़ा। एयरलाइन ने कहा कि मानक रखरखाव प्रक्रियाओं के अनुसार, पुणे हवाई अड्डे पर विमान उतरने के बाद फ्रेम को ठीक कर दिया गया। स्पाइसजेट ने अन्य विवरण साझा नहीं किए।

**एयरलाइन ने कहा कि विमान के उतरने के बाद फ्रेम को ठीक कर दिया गया**

एयरलाइन ने कहा कि क्यू 400 विमान में एक खिड़की का फ्रेम उड़ान के दौरान ढीला हो गया और उखड़ गया। हालांकि, पूरी उड़ान के दौरान केबिन का दबाव सामान्य रहा और यात्रियों की सुरक्षा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। उखड़ा हुआ हिस्सा इंटीरियर विंडो असेंबली था। यह शेड के तौर पर लगाया गया था। इससे किसी तरह से विमान की सुरक्षा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। स्पाइसजेट ने कहा कि क्यू400 विमान में खिड़कियों के कई स्तर लगे हैं, जिनमें एक मजबूत, दबाव सहने वाला बाहरी शीशा भी शामिल है, जिससे सुनिश्चित होता है कि यात्रियों की सुरक्षा को कभी खतरा न हो। यहां तक कि सतही घटक के ढीले होने की अप्रत्याशित घटना में भी कोई खतरा नहीं होगा।

**एक यात्री ने उखड़ी हुई खिड़की का वीडियो पोस्ट किया**

इंटरनेट मीडिया एक्स पर विमान की उड़ान योग्यता पर सवाल उठाते हुए एक यात्री ने उखड़ी हुई खिड़की का वीडियो पोस्ट किया।

## छात्रा से गैंगरेप के बाद कलकत्ता हाईकोर्ट सख्त

**कोलकाता**

कोलकाता में दक्षिण कलकत्ता लॉ कॉलेज में एक छात्रा से गैंगरेप के बाद शिक्षा संस्थानों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठे हैं। इसी मामले में सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि पश्चिम बंगाल के सभी महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों में, जहां छात्र संघ चुनाव नहीं हुए हैं, वहां के छात्र संघ कक्ष (यूनियन रूम) को बंद किया जाए।

# भारत दुनिया की प्रगति का आधार स्तंभ: मोदी

## पीएम मोदी ने घाना की संसद को किया संबोधन

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को घाना की संसद को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने वैश्विक संस्थानों में सुधार, लोकतंत्र को सशक्त बनाने और वैश्विक दक्षिण की प्रगति के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के नाते भारत को दुनिया की प्रगति का आधार स्तंभ बताया और कहा कि मजबूत भारत अधिक स्थिर और स्मृद्ध विश्व में सहयोग कर सकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक दक्षिण की आवाज के बिना वैश्विक स्तर पर प्रगति पाना संभव नहीं है। वैश्विक संस्थानों में सुधार की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज विश्व नई और जटिल समस्याओं से जूझ रहा है। इसमें जलवायु परिवर्तन, महामारी, आतंकवाद और सायबर सुरक्षा जैसी चुनौतियां शामिल हैं। ऐसे में पिछली शताब्दी में बनाए गए संस्थान आज कुछ नहीं कर पा रहे हैं। वर्तमान की चुनौतिपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने के लिए जिम्मेदार और प्रभावी सुधार जरूरी हैं। प्रधानमंत्री ने भारत और घाना के ऐतिहासिक संबंधों को लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार बताया। उन्होंने कहा कि भारत और घाना के इतिहास की पृष्ठभूमि औपनिवेशिक शासन की पीड़ा से जुड़ी है, लेकिन दोनों देशों की आत्मा हमेशा स्वतंत्र और निर्भीक रही है। उन्होंने घाना को लोकतंत्र, गरिमा और संकल्प की भूमि बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के लिए लोकतंत्र कोई प्रणाली नहीं, बल्कि एक संस्कार है। यह भारतीय समाज को हजारों वर्षों से प्रेरणा देता रहा है। उन्होंने भारत को नवाचार और प्रौद्योगिकी का केंद्र बताया और कहा कि यहां वैश्विक कंपनियां आकर काम करना चाहती हैं। प्रधानमंत्री ने भारत-अफ्रीका संबंधों को लोकतंत्र, समावेश और नवाचार पर आधारित बताया। साथ ही कहा कि भारत-अफ्रीका विकास साझेदारी समय की मांग हैं। उन्होंने इसे आत्मनिर्भर पारिस्थितिक तंत्रों के निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की विविधता उसकी शक्ति है। देश में 2,000 से अधिक राजनीतिक दल, 22 आधिकारिक भाषाएं और हजारों बोलियां हैं। उन्होंने स्मरण कराया कि भारत के चंद्रमा पर उतरने के दिन भी वे अफ्रीका में थे और आज जब एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में प्रयोग कर रहा है, तब भी वे अफ्रीका में हैं।





## भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा: पीएम

भारत शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। भारत वैश्विक नवाचार और स्टार्टअप का केंद्र बन चुका है, और ह्यविश्व की फामेर्सीह्व के रूप में प्रतिष्ठित है। महिलाओं की भागीदारी विज्ञान, उड्डयन और खेल जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय स्थिति में है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी इन दिनों पांच देशों की



यात्रा पर हैं। घाना दौरे के दौरान उन्हें देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारत और घाना ने इस यात्रा में अपने संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने की घोषणा की है। इसे आत्मनिर्भर पारिस्थितिक तंत्रों के निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की विविधता उसकी शक्ति है। देश में 2,000 से अधिक राजनीतिक दल, 22 आधिकारिक भाषाएं और हजारों बोलियां हैं।

## पीएम मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक घाना यात्रा के दौरान भारत और घाना के द्विपक्षीय संबंधों को 'व्यापक साझेदारी' का नया स्वरूप मिला। यात्रा के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को विस्तार देने के लिए चार महत्वपूर्ण समझौते किए गए और प्रधानमंत्री को घाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया।

प्रधानमंत्री मोदी और घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रमानी महामा के बीच अकरा स्थित जुबिली हाउस में उच्चस्तरीय बैठक हुई, जिसके बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की तीन दशकों में घाना की पहली राजकीय यात्रा है। बैठक में द्विपक्षीय सहयोग को नए क्षेत्रों तक विस्तारित करने पर सहमति बनी। व्यापार, निवेश, कृषि, स्वास्थ्य, डिजिटल प्रौद्योगिकी, रक्षा और ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग को प्राथमिकता दी गई। भारत ने डिजिटल भुगतान प्रणाली (यूपीआई), औषधि सुविधा (जन औषधि), कौशल विकास, और वैक्सीन उत्पादन में अनुभव साझा करने का प्रस्ताव दिया। साथ ही, भारत समर्थित आधारभूत संरचना परियोजनाओं और क्षमतावर्धन कार्यक्रमों को और सशक्त बनाने पर बल दिया गया। वार्ता के दौरान चार समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। इनमें सांस्कृतिक आदान-प्रदान, मानकीकरण में सहयोग, पारंपरिक चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान, तथा विदेश मंत्रालयों के बीच संयुक्त आयोग की संस्थागत बैठकें शामिल हैं। इन समझौतों का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सतत संवाद और सहयोग सुनिश्चित करना है।

## महाभियोग: जस्टिस वर्मा पर गिर सकती है गाज

### संसद में पेश होगा हटाने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली**

देश की न्यायपालिका से जुड़ा बड़ा मामला इन दिनों चर्चा में है। केंद्र सरकार जल्द ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को हटाने के लिए जरूरी प्रक्रिया शुरू करने वाली है। इसके तहत संसद सदस्यों से हस्ताक्षर जुटाने का अभियान जल्द शुरू होगा। कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को यह जानकारी दी। कानून मंत्री रिजिजू ने बताया कि फिलहाल सरकार ने यह तय नहीं किया है कि प्रस्ताव लोकसभा में लाया जाएगा या राज्यसभा में।



लोकसभा में प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम 100 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी हैं, जबकि राज्यसभा में यह संख्या 50 सांसदों की है। प्रस्ताव पेश करने से पहले इसी के अनुसार हस्ताक्षर जुटाए जाएंगे। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा।

## तीनों सेनाओं के लिए 1.05 लाख करोड़ से खरीदे जाएंगे हथियार

### डीएसी की मंजूरी, सभी हथियार स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित होंगे

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने गुरुवार को तीनों सेनाओं के लिए लगभग 1.05 लाख करोड़ रुपये के 10 हथियार खरीदने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इनमें बख्तरबंद रिकवरी वाहन, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, तीनों सेनाओं के लिए एकीकृत कॉमन इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम और सतह से हवा में मार



करने वाली मिसाइलें होंगी। सभी हथियार स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित होंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की हुई बैठक में बख्तरबंद रिकवरी वाहनों, ईडब्ल्यू सिस्टम, एकीकृत कॉमन इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, सुपर रैपिड गन माउंट और सबमर्सिबल ऑटोनॉमस वेसल्स की खरीद के लिए लगभग 1.05 लाख करोड़ रुपये के 10 पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

इसी तरह मूर्ड माइन और माइन काउंटर मेजर वेसल्स की खरीद के लिए भी एओएन दिए गए। मूर्ड माइन एक प्रकार की नौसैनिक माइन होती है, जो पानी के नीचे एक निश्चित गहराई पर बनी रहती है, जिसे एक केबल के जरिये समुद्र तल पर लंगर डाला जाता है।

इन माइन को जहाजों और पनडुब्बियों को निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो किसी जहाज के संपर्क या निकटता पर विस्फोट करती हैं। मूर्ड माइन जल मार्गों की रक्षा और नेविगेशन को नियंत्रित करने के लिए एक प्रचलित और लागत प्रभावी तरीका है।

## मुख्यमंत्री ने 24 स्टेट ऑफ द आर्ट वोल्वो बसों को झण्डी दिखाकर रवाना किया



**दिव्य दिल्ली: अमरप्रीत सिंह**
**सोलन**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को विश्व स्तरीय परिवहन सुविधाएं प्रदान करने और हिमाचल को 'ग्रीन एनर्जी स्टेट' बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री गत सायं सोलन के क्यारीघाट से 24 स्टेट ऑफ द आर्ट वोल्वो बसों को हरी झण्डी दिखाने के उपरांत एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान हिमाचल पथ परिवहन निगम को और बेहतर बनाने के लिए गत दो वर्षों में प्रति वर्ष एक-एक हजार करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई है ताकि लोगों को सुविधाजनक एवं आरामदायक परिवहन सुविधा प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 500 डीजल बसें, 300 इलेक्ट्रिकल बसें और लगभग 30 वोल्वो बसें क्रय की गई हैं। भविष्य में भी यातायात सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए 100 टैंपो ट्रेवलर खरीदे जाएंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम को हर माह 60 करोड़ रुपये का अनुदान दिया जाता है।ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में रेलवे तथा वायु परिवहन सुविधाएं अधिक न होने के कारण प्रदेश को यातायात के लिए मुख्यतः सड़कों पर निर्भर रहना पड़ता है तथा हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसें लोगों की आवाजाही का मुख्य साधन है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास और लोगों की सुविधा के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम को और बेहतर बनाने के यथा सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। राज्य में हाईड्रोजन चलित बसों को बढ़ावा देने के लिए भी कार्य प्रगति पर है।

## हिमाचल के छह जिलों में बाढ़ का अलर्ट

**शिमला**

हिमाचल प्रदेश में मानसून के कड़े तेवर जारी हैं और आज भी मौसम खराब बना हुआ है। राजधानी शिमला सहित अधिकांश स्थानों पर बीती रात भारी वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, शिमला, सिरमौर और सोलन जिलों के लिए अगले 24 घंटों में बाढ़ का खतरा जताते हुए चेतावनी जारी की है। विभाग ने आज और कल राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट भी जारी किया है जबकि 5 जुलाई से 9 जुलाई तक प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी वर्षा की आशंका को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजधानी शिमला सहित कई हिस्सों में बीती रात तेज बारिश हुई, जिसमें सिरमौर के पच्छाद में सर्वाधिक 133 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई जबकि हमीरपुर के बड़सर में 92 मिमी, शिमला के जुब्बड़हट्टी में 59 मिमी, ऊना में 55 मिमी, नाहन में 42 मिमी, कांगड़ा में 32 मिमी, सराहन में 29 मिमी, सुंदरनगर में 19 मिमी और शिमला शहर में 10 मिमी बारिश दर्ज की गई है। लगातार बारिश के कारण राज्य में न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कुल्लू जिले में स्नो गैलरी के पास नाले में आई बाढ़ के चलते मनाली-केलंग सड़क मार्ग आज सुबह बाधित हो गया है।

## केदारनाथ धाम से लौट रहे 40 श्रद्धालु सोनप्रयाग में फंसे, सुरक्षित निकाला

**देहरादून/रुद्रप्रयाग**

केदारनाथ धाम से दर्शन कर लौट रहे 40 से ज्यादा श्रद्धालु सोनप्रयाग के पास बीती देर रात मलबा आने से फंस गए। मौके पर तैनात एसडीआरएफ के जवानों ने श्रद्धालुओं को सुरक्षित रेस्क्यू किया। उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश के कारण कई जगह पर मलबा आ रहा है तो कई जगह पर रास्ते टूट रहे हैं। इसी कड़ी में केदारनाथ की तरफ जाने वाले सोनप्रयाग-गौरीकुंड मार्ग पर मुनकटिया के पास मलबा-पत्थर आने देर रात 10 बजे के करीब फंस गए थे। मौके पर तैनात एसडीआरएफ के जवानों ने सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। अभी भी रास्ता पूरी तरह से खराब है। एसडीआरएफ जवान लगातार धाम से आ रहे श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का काम कर रहे हैं। रुद्रप्रयाग पुलिस उत्तराखंड ने सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि सोनप्रयाग क्षेत्रान्तर्गत मुनकटिया स्लाइडिंग जोन में मलबा-पत्थर आने से मार्ग बाधित हुआ है।

इसके अलावा रुद्रप्रयाग पुलिस ने एक अन्य पोस्ट में बताया कि केदारनाथ धाम की ओर जाने वाले मार्ग छोटी पार्किंग वाले क्षेत्र से आगे गौरीकुण्ड की तरफ मलबा पत्थर आने से पूरी तरह से बाधित है। इन दोनों स्थानों पर मार्ग पूरी तरह से बाधित होने के कारण केदारनाथ धाम यात्रा अस्थायी तौर पर रुकी हुई है।



## कपड़े की दुकान में लगी आग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद इलाके के चौहान बांगर की गली नंबर 14 में नूरानी कपड़ा मार्केट की एक कपड़े की दुकान में रात करीब दो बजे भीषण आग गई। दुकान में आग लगने की वजह से चार मंजिला मकान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। मकान की जिस निचली मंजिल पर यह आग लगी थी, उस पर माडर्न टेलर्स का जींस शोरूम था। गनीमत रही कि आग में कोई हताहत नहीं हुआ। करीब छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी के मुताबिक, चौहान बांगर स्थित कोट मार्केट में यह आग तड़के करीब दो बजे लगी थी। आग की लपटे ऊपर के रिहायशी हिस्से में भी पहुंच गई जिससे भारी नुकसान हुआ है, लेकिन किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई। बताया जा रहा है कि जिस गली में आग की यह घटना हुई, उसमें आम आदमी पार्टी के क्षेत्रीय विधायक चौधरी जुबेर अहमद और निगम पार्षद शगुफ्ता चौधरी का भी मकान है। दमकल विभाग के अधिकारी के मुताबिक आग की सूचना तड़के करीब 2:34 बजे मिली थी। जानकारी मिलते ही शास्त्री पार्क दमकल कार्यालय से दो और गोकुलपुरी दमकल कार्यालय से एक दमकल वाहन तुरंत मौके पर रवाना किया गया।

## एनडीएमसी की सांस्कृतिक पुनर्जागरण योजना का अनावरण

**नई दिल्ली।** क्षेत्र में कला, संस्कृति और विरासत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने महत्वाकांक्षी और व्यापक सांस्कृतिक योजना की घोषणा की। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत@2047 के विज़न के अनुरूप तैयार की गई है। जिसका उद्देश्य नई दिल्ली को कला, रचनात्मकता और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनाना है।चहल ने बताया कि एनडीएमसी ने एक सुव्यवस्थित और समावेशी योजना तैयार की है, जो देश की सांस्कृतिक विरासत, जनभागीदारी और नवाचार को मजबूत करते हुए नई दिल्ली को एक सांस्कृतिक प्रकाश स्तंभ बनाएगी। चहल ने बताया कि इस योजना का एक प्रमुख हिस्सा 'आर्ट डिस्ट्रिक्ट' (कला क्षेत्र) की स्थापना है। जिसके तहत देश के 10 प्रसिद्ध मूर्तिकारों को आमंत्रित किया गया है। जिनमें से 8 ने अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है। ये कलाकार 10 से 15 फीट ऊंची विशाल मूर्तियां बनाएंगे। जिन्हें मंडी हाउस, नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, फिक्की ऑडिटोरियम, श्रीराम सेंटर, इंडिया गेट, हैदराबाद हाउस, त्रावनकोर भवन और त्रिवेणी कला संगम जैसे प्रमुख सांस्कृतिक स्थलों पर स्थापित किया जाएगा। चहल ने आगे बताया कि इन कलाकारों में राघव आर. कनेरिया, वेद नायर, पद्मश्री बिमान बी. दास, पद्मश्री राजेंद्र टिक्कू, के. राधाकृष्णन, अरुण पंडित और दिवंगत सतीश गुजराल व नागजी पटेल के कार्य शामिल हैं।

## शालीमार बाग से सात बांगलादेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिले के विदेशी सेल की टीम ने सात अवैध बांगलादेशियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में सुहान खान भी शामिल हैं। जिसे 15 मई को पहले भारत से निष्कासित किया गया था। लेकिन उसने पुनः भारत में प्रवेश किया और 30 जून को फिर से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से तीन स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। जिनमें प्रतिबंधित आईएमओ ऐप इंस्टॉल था और ये फोन बांगलादेश में उनके परिवारों से संपर्क करने के लिए उपयोग किए जा रहे थे। उत्तर-पश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार पुलिस लगातार बांग्लादेशियों के खिलाफ अभियान चला रही है। शालीमार बाग में चलाए गए अभियान के दौरान, टीम ने मुख्य सड़कों, गलियों, स्थानीय इलाकों, आवासीय क्षेत्रों और ट्रैफिक जंक्शनों पर रैंडम चेक किए। इस अभियान के दौरान, पांच ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को विभिन्न स्थानों पर भिखारी के रूप में पाया गया। पूछताछ करने पर उनकी पहचान भारतीय नागरिकों के रूप में संदिग्ध प्रतीत हुई। उनकी विस्तृत पूछताछ के बाद, उन्हें अवैध रूप से बांगलादेशी नागरिक के रूप में पहचानने और गिरफ्तार करने के बाद यह पुष्टि हुई कि वे भारत में बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे थे।

## फर्जी पुलिस गैंग का पर्दाफाश, आठ लुटेरे गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वी जिले की स्पेशल स्टाफ ने एक ऐसे शातिर गैंग का पर्दाफाश किया है, जो पुलिसकर्मियों का रूप धारण करके लूटपाट किया करता था। इस मामले में कुल आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से लूटे गए पैसे, मोबाइल फोन, लैपटॉप और अपराध में इस्तेमाल की गई गाड़ियों को बरामद किया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार पकड़े गए आरोपितों की पहचान शास्त्री पार्क निवासी हनी कुमार (31), रोहिणी निवासी सन्नी शर्मा (28), कराला निवासी अंकित जैन (32), पीतमपुरा निवासी विक्रम सिंह (35), करावल नगर निवासी राहुल गुप्ता (27), रोहिणी निवासी राहुल यादव (27), रामा विहार निवासी अनिल कांत (33) और रामा विहार निवासी जीतपाल (42) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से दो कारए एक लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन दस हजार रुपये बरामद किए है। पुलिस के अनुसार, 26 जून को लक्ष्मी नगर इलाके में एक इंश्योरेंस पॉलिसी ऑफिस में चार अपराधी खुद को दिल्ली पुलिस के स्पेशल स्टाफ का अधिकारी बताकर कार्यालय में घुसे।

## क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस से लैस स्टील्थ फ्रिगेट 'तमाल' नौसेना के समुद्री बेड़े में शामिल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने रूस के कलिनिनग्राद में हथियारों और सेंसर से लैस स्टील्थ फ्रिगेट 'तमाल' को अपने समुद्री बेड़े में शामिल कर लिया। देवताओं के राजा इंद्र की तलवार के नाम पर रखा गया तमाल भारत का आखिरी आयातित जहाज है, क्योंकि भारत अब अपने सभी जहाजों का निर्माण स्वदेश में ही कर रहा है। हथियारों और सेंसर के मामले में नवीनतम यह युद्धपोत समुद्र और जमीन दोनों पर निशाना साधने के लिए लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस से लैस है। पश्चिमी बेड़े में तैनात होने वाला तमाल युद्धपोत न केवल भारतीय नौसेना की बढ़ती हुई क्षमताओं का प्रतीक होगा, बल्कि भारत-रूस साझेदारी का विशिष्ट उदाहरण पेश करेगा।



पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल संजय जे सिंह मुख्य अतिथि के रूप में इस समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। तमाल जहाज तुशील श्रेणी का ऐसा दूसरा युद्धपोत है, जो अपने पूर्ववर्ती जहाजों तलवार और टेग श्रेणी का उन्नत संस्करण व गोपनीयता से कार्य करने वाला जलपोत है। इन दोनों ही श्रेणियों में से प्रत्येक में तीन-तीन जंगी जहाज हैं। तुशील श्रेणी के लिए अनुबंध के हिस्से के रूप में भारत अपने गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में त्रिपुट श्रेणी नाम के दो महत्वपूर्ण युद्धपोतों का निर्माण कर रहा है। भारतीय नौसेना जहाजों की इस श्रृंखला के निर्माण कार्य के पूरा होने के बाद चार विभिन्न श्रेणियों में समान क्षमताओं व उपकरणों और हथियार तथा सेंसर में समानता वाले दस युद्धपोतों का संचालन करेगी। मास्को स्थित भारतीय दूतावास के मार्गदर्शन में कैलिनिनग्राद में तैनात युद्धपोत पर्यवेक्षण दल के विशेषज्ञों के एक भारतीय दल ने तमाल के निर्माण की पूर्ण रूप से निगरानी की।

## राष्ट्रीय महिला आयोग अहमदाबाद में आयोजित करेगा जनसुनवाई का कार्यक्रम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग- आपके द्वार के तहत इस बार महिला जन सुनवाई का आयोजन अहमदाबाद में करेगा। इस जन सुनवाई का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित लंबित मामलों का समाधान करना तथा यथासंभव सभी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करना है।

यह जन सुनवाई 03 जुलाई, को दोपहर 12 बजे से अहमदाबाद में स्थित स्टेट गेस्ट हाउस के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की जाएगी, जिसमें राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर उपस्थित रहेंगी। राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित इन दोनों जन सुनवाई में संबन्धित जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारिगण भी सक्रिय रूप से भाग लेंगे, जिससे महिलाओं से संबंधित मुद्दों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। आयोग ने जानकारी दी कि एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विजया रहाटकर गुजरात के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) एवं राज्य के अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मिलकर, राज्य मे महिलाओं से संबन्धित अपराध व उनके निस्तारण पर बात करेंगी। विजया रहाटकर अहमदाबाद जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बैठक करेंगी। इस कार्यक्रम के अभिन्न अंग के रूप में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम (पोश) के अंतर्गत स्थानीय समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

## चुनाव आयोग ने टाली बिहार से जुड़ी बैठक, राजनीतिक दलों ने नहीं की पुष्टि

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बिहार में इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी तैयारियां तेज दी कर दी हैं। बिहार की मतदाता सूची की गहन जांच कराने की चुनाव आयोग की घोषणा के बाद से विपक्षी दलों ने इसको लेकर अपना पक्ष रखने के लिए आयोग के साथ बैठक की मांग की थी, लेकिन दो जुलाई को तय यह बैठक राजनीतिक दलों की ओर से पुष्टि नहीं किए जाने के कारण अब स्थगित कर दी गई है। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार कांग्रेस के एक विधिक सलाहकार की ओर से चुनाव आयोग को एक ई-मेल प्राप्त हुआ था। इसमें बिहार में विशेष सघन पुनरीक्षण से संबंधित मामलों पर चर्चा के लिए दो जुलाई को तत्काल बैठक का अनुरोध किया गया था। यह आग्रह एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल की ओर से किया गया था, जिसमें उक्त वकील ने स्वयं को उन सभी दलों का प्रतिनिधि बताया था।




चुनाव आयोग ने इस अनुरोध पर संज्ञान लेते हुए संबंधित राजनीतिक दलों से पुष्टि करने की मांगी थी कि वे 2 जुलाई को शाम 5 बजे प्रस्तावित बैठक में भाग लेने के लिए सहमत हैं या नहीं। हालांकि, आयोग को अब तक किसी भी राजनीतिक दल की ओर से इस बैठक को लेकर कोई औपचारिक पुष्टि प्राप्त नहीं हुई है। इस कारण आयोग को दो जुलाई की प्रस्तावित बैठक को 'स्थगित' करना पड़ा है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि वह सभी दलों से प्राप्त पुष्टि के बाद ही अगली बैठक की तिथि तय करेगा।

## भारत-पाकिस्तान ने कैदियों की सूची का किया आदान-प्रदान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की जेलों में भारत के 193 मछुआरे समेत 246 लोग बंद हैं। जबकि भारत की जेल में पाकिस्तान के 81 मछुआरे और 382 अन्य लोग बंद हैं। यह आंकड़ा दोनों देशों के बीच राजनयिक चैनल के माध्यम से हुई कैदियों की सूची के आदान-प्रदान से सामने आया। इस मौके पर भारत ने पाकिस्तान से अपील की है कि हिरासत में अपनी सजा पूरी तक चुके 159 भारतीय कैदियों, मछुआरों और उनकी नावों को जल्दी रिहा कर उनकी वापसी सुनिश्चित करे। साथ ही भारत ने पाकिस्तान से 26 ऐसे नागरिकों और मछुआरों को कांसुलर एक्सेस प्रदान करने की मांग की है, जिन्हें अभी तक यह सुविधा नहीं मिली है। भारत ने यह भी आग्रह किया है कि पाकिस्तान सभी भारतीय और संभावित भारतीय कैदियों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करे, जब तक कि उनकी रिहाई और भारत प्रत्यावर्तन नहीं हो जाता। इसके अलावा भारत ने 



पाकिस्तान से अनुरोध किया है कि वह 80 ऐसे लोगों की नागरिकता की पुष्टि प्रक्रिया में तेजी लाए, जिन्हें भारत में पाकिस्तानी मानते हुए हिरासत में रखा गया है और जिनका प्रत्यावर्तन राष्ट्रीयता का पता न होने की वजह से लंबित है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 से अब तक 2,661 भारतीय मछुआरों और 71 अन्य लोगों की पाकिस्तान से स्वदेश वापसी हो चुकी है। इनमें से 2023 से अब तक 500 मछुआरे और 13 नागरिक कैदी भारत वापस लाए जा चुके हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच दोनों देशों में बंद कैदियों की सूची का आदान-प्रदान 2008 में हुए कांसुलर एक्सेस संबंधी द्विपक्षीय समझौते के तहत हर साल एक जनवरी और एक जुलाई किया जाता है।

## चुनाव आयोग से मिला तृणमूल प्रतिनिधिमंडल, मतदाता सूची सहित विभिन्न मुद्दों को उठाया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने देश में चुनावी प्रक्रिया को मजबूत करने और राजनीतिक दलों के साथ संवाद बढ़ाने की पहल के तहत सोमवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व टीएमसी नेता और पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने की। प्रतिनिधिमंडल में सांसद कल्याण बनर्जी, राज्य सरकार में मंत्री फिरहाद हकीम, अरूप विश्वास और सांसद प्रकाश चिक बड़ाईक शामिल थे।

चुनाव आयोग से मिले तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने मतदाता सूची, केंद्रीय बलों की भूमिका और राज्यपाल की गतिविधियों सहित कई अहम मुद्दों पर चिंता जताई। बैठक सकारात्मक महौल में हुई और पार्टी ने आयोग पर विश्वास व्यक्त किया। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में प्रतिनिधिमंडल में शामिल वरिष्ठ पार्टी नेता कल्याण बनर्जी ने कहा कि हम चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट




पर विश्वास करते हैं और उम्मीद करते हैं कि आयोग निष्पक्षता बनाए रखेगा। उन्होंने मांग की कि बिना राजनीतिक दलों को पूर्व सूचना दिए किसी भी मतदाता को तीन या चार महीने की अवधि के दौरान मतदाता सूची में शामिल न किया जाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि मतदाता सूची का आधार वर्ष 2003 के बजाय 2024 होना चाहिए। आयोग ने इस पर विचार करने का आश्वासन दिया है।फिरहाद हाकिम ने कहा कि हमने केंद्रीय बलों के कई बार मतदान केंद्रों पर जाकर मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश का मुद्दा उठाया और मांग की कि उनके साथ राज्य पुलिस की भी उपस्थिति आवश्यक है। इसके अलावा, तृणमूल ने चुनावों के दौरान उपराज्यपाल की गतिविधियों, आधिकारिक कार्यक्रमों में राजनीतिक भाषण देने और आचार संहिता के उल्लंघन जैसे विषयों को भी आयोग के समक्ष रखा। आयोग ने सभी बिंदुओं पर विचार करने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। चुनाव आयोग का कहना है कि इन बैठकों के पीछे चुनाव आयोग का उद्देश्य है कि राजनीतिक दलों की चुनाव प्रक्रिया से संबंधित चिंताओं और सुझावों सुनकर, लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने का है। चुनाव आयोग इससे पहले भी राष्ट्रीय दलों से विचार-विमर्श करता रहा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती के अगुआई में बसपा प्रतिनिधिमंडल 6 मई को, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की अगुआई में भाजपा प्रतिनिधिमंडल 8 मई को, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव एम.ए. बेबी की अगुआई में सीपीआई(एम) का प्रतिनिधिमंडल 10 मई को, नेशनल पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष कॉनराडसंगमा 13 मई को और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल 15 मई को चुनाव आयोग के साथ बैठक कर चुका हैं।

## राजनाथ सिंह ने अमेरिकी रक्षा सचिव से की रक्षा सहयोग पर चर्चा



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के साथ टेलीफोन पर बात की। दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। राजनाथ सिंह ने भारत को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सहयोग और समर्थन देने के लिए आभार जताया। राजनाथ सिंह ने कहा कि अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के साथ टेलीफोन पर बात करके खुशी हुई। भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी को और मजबूत करने और क्षमता निर्माण में सहयोग को मजबूत करने के लिए चल रही और नई पहलों की समीक्षा करने के लिए उत्कृष्ट चर्चा हुई।? आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका ?की ओर से भारत को दिए गए अटूट समर्थन के लिए अपनी गहरी सराहना व्यक्त की। मैं जल्द ही उनसे मिलने के लिए उत्सुक हूं। इससे पहले दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच 01 मई को टेलीफोन पर वार्ता हुई थी, जब 22 अप्रैल को पहलगाम हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ गया था। उस वक्त पाकिस्तान को डर सता रहा था कि भारत किसी भी वक्त उस पर हमला कर सकता है। दूसरी तरफ भारत ने भी वैश्विक समुदाय को अपनी बात समझाने की पहल शुरू की थी। अमेरिका ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की दुखद मौत पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की थी।

## सरकारी अस्पतालों को मिलेगी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की सौगातः रेखा गुप्ता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हमने दिल्ली के सभी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए व्यापक योजनाएं शुरू कर दी हैं। चाहे वह इन्फ्रास्ट्रक्चर का उन्नयन हो, परिसर का विकास हो, या बेड की संख्या में वृद्धि, सभी के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं और शीघ्र ही ये सुविधाएं धरातल पर दिखेंगी। सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड जैसी आधुनिक मशीनों की स्थापना प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है ताकि हर अस्पताल में सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध हों। साथ ही, चिकित्सा कर्मियों की स्थायी नियुक्तियों की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

रेखा गुप्ता राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर लोक नायक अस्पताल के सभागार में 'संत ईश्वर संवाद' कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि दवाइयों की खरीद में परोक्ष भ्रष्टाचार पर कठोर अंकुश लगाते हुए यह सुनिश्चित किया है कि हर अस्पताल में जन औषधि केंद्र हों। अब तक 17 अस्पतालों में इनके उद्घाटन हो चुके हैं और यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। संत ईश्वर फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सेवा क्षेत्र के प्रयासों की सराहना करते हुए रेखा गुप्ता ने डॉक्टर्स डे पर सभी चिकित्सकों के योगदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की सेवाओं का कोई मूल्यांकन संभव नहीं है– कोरोना जैसी भीषण महामारी में जब पूरी दुनिया थम-सी गई थी, तब आप नींद त्यागकर दिल्ली की सांसों को चलाए रखने में जुटे रहे। हमारे सरकारी अस्पतालों का उद्देश्य सेवा है, व्यवसाय नहीं। लोक नायक अस्पताल एवं संत ईश्वर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चिकित्सा समुदाय,



नीति-निर्माता और सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एकात्म मानव दर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान के अध्यक्ष महेश चंद्र शर्मा, संत ईश्वर फाउंडेशन के चेयरमैन एवं विश्व हिंदू परिषद दिल्ली के अध्यक्ष कपिल खन्ना, आरएसएस के प्रांत संघचालक डॉ. अनिल अग्रवाल, चिकित्सा निदेशक, लोक नायक अस्पताल वीएल चौधरी, चांदनी चौक के सांसद प्रवीण खंडेलवाल विशेष रूप से उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान समस्त प्रमुख सरकारी अस्पतालों के प्रमुखों को ÷संत ईश्वर धन्वंतरि सम्मान से सम्मानित किया गया। इन चिकित्सकों को यह सम्मान चिकित्सा सेवा में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

## रेल मंत्री ने 'रेलवन' ऐप किया लॉन्च, यात्रियों की सभी सेवाएं एक प्लेटफॉर्म पर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को सीआरआईएस के 40वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर 'रेलवन' ऐप का शुभारंभ किया। यह ऐप भारतीय रेल यात्रियों के लिए एक वन-स्टॉप सॉल्यूशन के रूप में विकसित किया गया है, जो टिकटिंग से लेकर ट्रेन में भोजन बुकिंग तक की सभी प्रमुख सेवाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराता है। रेलवे मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, 'रेलवन' ऐप के माध्यम से यात्री आरक्षित और अनारक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट बुक कर सकते हैं। इसके अलावा ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना, 'रेल मदद' सेवाएं, ट्रेन में भोजन की बुकिंग और माल परिवहन से संबंधित जानकारी भी ऐप पर ही मिल सकेगी। ऐप का उद्देश्य यात्रियों को सरल, सहज और समग्र अनुभव देना है। इसे एकीकृत यूज़र इंटरफ़ेस के माध्यम से संभव बनाया गया है। इस ऐप की खासियत इसका 'सिंगल साइन-ऑन फीचर' है, जिससे यात्रियों को अनेक पासवर्ड याद रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यात्री मौजूदा रेल कनेक्ट या यूटीसन मोबाइल ऐप की आईडी से भी लॉग इन कर सकते हैं। इससे अलग-अलग ऐप डाउनलोड करने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे

RailOne

मोबाइल की स्टोरेज भी बचेगी। 'रेलवन' ऐप में आर-वॉलेट, बायोमेट्रिक लॉगिन और एमपिन जैसी सुविधाएं दी गई हैं। नए उपयोगकर्ताओं के लिए बेहद कम जानकारियों के साथ त्वरित पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध है। केवल पूछताछ करने वाले यात्री मोबाइल नंबर और ओटीपी के ज़रिए गेस्ट लॉगिन से भी सेवा का लाभ उठा सकते हैं।

## एआई मानवीय बुद्धिमत्ता का विकल्प नहीं, बल्कि सहायकः दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता नई दिल्ली में विधानसभाओं में एआई के प्रयोग पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एक शक्तिशाली उपकरण है, यह मनुष्य का विकल्प नहीं बल्कि एक सहायक है जिसे विवेक, संवेदनशीलता और लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एआई के माध्यम से विधायकों को रिपोर्टों का विश्लेषण, आंकड़ों की तुलना और सिनॉप्सिस बनाने जैसे कार्यों में मदद मिल सकती है, जिससे विधानसभा सत्रों की तैयारी बेहतर होगी। एआई आधारित पोर्टल्स और चैटबॉट्स नागरिकों को जनप्रतिनिधियों की सक्रियता की जानकारी देकर जवाबदेही और पारदर्शिता भी बढ़ा सकते हैं। गुप्ता ने कहा कि तकनीक पूरी तरह दोषरहित नहीं होती और एआई को लेकर कुछ गंभीर चिंताएं भी हैं। एआई वही सीखता है जो डाटा उसे सिखाता है। अगर डाटा पक्षपातपूर्ण या अधूरा है, तो एआई के सुझाव भी उसी दिशा में होंगे। इससे नीति निर्माण में असंतुलन



आ सकता है और समाज के कमजोर वर्गों को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि यदि एलगोरिदम निष्पक्ष नहीं हुए तो शक्तिशाली वर्ग इसका दुरुपयोग कर सकते हैं जिससे लोकतंत्र प्रभावित हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में सभी विधायक तकनीकी रूप से सशक्त नहीं हैं, विशेष रूप से ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले जनप्रतिनिधि। ऐसे में कोई पीछे न छूटे इसलिए उन्हें उचित प्रशिक्षण देना जरूरी है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि एआई के आने से विधानसभाओं में अनुसंधान और विश्लेषण से जुड़ी नौकरियों पर असर पड़ सकता है, इसलिए अनुभवी जनशक्ति को दरकिनार नहीं किया जाना चाहिए। गुप्ता ने यह भी सवाल उठाया कि यदि एआई द्वारा दी गई जानकारी गलत हो तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी मशीन, सरकार या तकनीकी कंपनी कीइसके लिए उन्होंने स्पष्ट नीति और उत्तरदायित्व तय करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि हमें एआई का विरोध नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण और जिम्मेदार उपयोग सुनिश्चित करना है ताकि यह लोकतंत्र के हित में उपयोगी साबित हो।

## इंडी गठबंधन भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद का पर्यायः प्रदीप भंडारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भाजपा ने डिजिटल इंडिया मिशन के 10 साल पूरे होने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आरोपों को लेकर पलटवार किया है। भाजपा ने कहा कि आज विपक्ष बौखलाया हुआ है। वो इस बात को स्वीकार नहीं पा रहा है कि देश का गरीब व वंचित डिजिटल इंडियाके साथ जुड़ रहा है। इंडी गठबंधन भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद का पर्याय बन गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया मिशन' के 10 साल पूरे हो रहे हैं। आज देश की जनता के सामने दो मॉडल हैं, एक तरफ भ्रष्टाचारी, परिवारवादी, नमाजवादी विपक्ष का मॉडल है। जिसमें हिमाचल प्रदेश में एक सरकारी कर्मचारी को राहुल गांधी के करीबी पीटते हैं, तो वहीं कर्नाटक में ये योजनाओं में भ्रष्टाचार करते हैं और कुर्सी की लड़ाई में व्यस्त रहते हैं, क्योंकि इनके डीएनए में भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी कहा करते थे कि सरकार एक रुपया भेजती है और जनता तक 15 पैसा पहुंचता है। आज कांग्रेस शासित राज्यों में वही हो रहा है। भंडारी ने कहा कि कांग्रेस कहा करती थी कि गांव तक इंटरनेट नहीं पहुंच सकता है, लेकिन आज 95 प्रतिशत गांवों तक इंटरनेट पहुंच चुका है। ये डिजिटल इंडिया की सच्चाई है। आज विपक्ष बौखलाया हुआ है, क्योंकि ये इस बात को स्वीकार नहीं पा रहा है कि देश का गरीब व वंचित डिजिटल इंडिया के साथ जुड़ रहा है। इसी का परिणाम है कि आज 25 करोड़ गरीब, गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। पी. चिदंबरम ने एक बार गरीबों द्वारा डिजिटल भुगतान प्रणाली अपनाने पर संदेह व्यक्त किया था। हालांकि, डिजिटल इंडिया की सफलता के एक दशक पूरे होने पर भारत में अब वैश्विक वित्तीय लेन-देन का 50 प्रतिशत हिस्सा है। यह प्रधानमंत्री मोदी के विकास के मॉडल की जीत है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इंटरनेट बाजार है। यह प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान की सफलता का सबसे बड़ा सबूत है। कांग्रेस को आज देखना चाहिए कि किस तरह आज एक-एक स्ट्रीट वेंडर भुगतान के लिए यूपीआई का उपयोग कर रहे हैं।

## कपड़े की दुकान में लगी आग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद इलाके के चौहान बांगर की गली नंबर 14 में नूरानी कपड़ा मार्केट की एक कपड़े की दुकान में रात करीब दो बजे भीषण आग गई। दुकान में आग लगने की वजह से चार मंजिला मकान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। मकान की जिस निचली मंजिल पर यह आग लगी थी, उस पर मार्डर्न टेलर्स का जींस शोरूम था। गनीमत रही कि आग में कोई हताहत नहीं हुआ। करीब छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी के मुताबिक, चौहान बांगर स्थित कोट मार्केट में यह आग तड़के करीब दो बजे लगी थी। आग की लपटे ऊपर के रिहायशी हिस्से में भी पहुंच गईं जिससे भारी नुकसान हुआ है, लेकिन किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई। बताया जा रहा है कि जिस गली में आग की यह घटना हुई, उसमें आम आदमी पार्टी के क्षेत्रीय विधायक चौधरी जुबेर अहमद और निगम पार्षद शगुफ्ता चौधरी का भी मकान है। दमकल विभाग के अधिकारी के मुताबिक आग की सूचना तड़के करीब 2:34 बजे मिली थी। जानकारी मिलते ही शास्त्री पार्क दमकल कार्यालय से दो और गोकुलपुरी दमकल कार्यालय से एक दमकल वाहन तुरंत मौके पर रवाना किया गया।

## एनडीएमसी की सांस्कृतिक पुनर्जागरण योजना का अनावरण

**नई दिल्ली।** क्षेत्र में कला, संस्कृति और विरासत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने महत्वाकांक्षी और व्यापक सांस्कृतिक योजना की घोषणा की। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत@2047 के विज़न के अनुरूप तैयार की गई है। जिसका उद्देश्य नई दिल्ली को कला, रचनात्मकता और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनाना है।चहल ने बताया कि एनडीएमसी ने एक सुव्यवस्थित और समावेशी योजना तैयार की है, जो देश की सांस्कृतिक विरासत, जनभागीदारी और नवाचार को मजबूत करते हुए नई दिल्ली को एक सांस्कृतिक प्रकाश स्तंभ बनाएगी। चहल ने बताया कि इस योजना का एक प्रमुख हिस्सा 'आर्ट डिस्ट्रिक्ट' (कला क्षेत्र) की स्थापना है। जिसके तहत देश के 10 प्रसिद्ध मूर्तिकारों को आमंत्रित किया गया है। जिनमें से 8 ने अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है। ये कलाकार 10 से 15 फीट ऊंची विशाल मूर्तियां बनाएंगे। जिन्हें मंडी हाउस, नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, फिक्की ऑडिटोरियम, श्रीराम सेंटर, इंडिया गेट, हैदराबाद हाउस, त्रावनकोर भवन और त्रिवेणी कला संगम जैसे प्रमुख सांस्कृतिक स्थलों पर स्थापित किया जाएगा। चहल ने आगे बताया कि इन कलाकारों में राघव आर. कनेरिया, वेद नायर, पद्मश्री बिमान बी. दास, पद्मश्री राजेंद्र टिक्कू, के. राधाकृष्णन, अरुण पंडित और दिवंगत सतीश गुजराल व नागजी पटेल के कार्य शामिल हैं।

## शालीमार बाग से सात बांगलादेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिले के विदेशी सेल की टीम ने सात अवैध बांगलादेशियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में सुहान खान भी शामिल हैं। जिसे 15 मई को पहले भारत से निष्कासित किया गया था। लेकिन उसने पुनः भारत में प्रवेश किया और 30 जून को फिर से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से तीन स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। जिनमें प्रतिबंधित आईएमओ ऐप इंस्टॉल था और ये फोन बांगलादेश में उनके परिवारों से संपर्क करने के लिए उपयोग किए जा रहे थे। उत्तर-पश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार पुलिस लगातार बांग्लादेशियों के खिलाफ अभियान चला रही है। शालीमार बाग में चलाए गए अभियान के दौरान, टीम ने मुख्य सड़कों, गलियों, स्थानीय इलाकों, आवासीय क्षेत्रों और ट्रैफिक जंक्शनों पर रैंडम चेक किए। इस अभियान के दौरान, पांच ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को विभिन्न स्थानों पर भिखारी के रूप में पाया गया। पूछताछ करने पर उनकी पहचान भारतीय नागरिकों के रूप में संदिग्ध प्रतीत हुई। उनकी विस्तृत पूछताछ के बाद, उन्हें अवैध रूप से बांगलादेशी नागरिक के रूप में पहचानने और गिरफ्तार करने के बाद यह पुष्टि हुई कि वे भारत में बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे थे।

## फर्जी पुलिस गैंग का पर्दाफाश, आठ लुटेरे गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वी जिले की स्पेशल स्टाफ ने एक ऐसे शातिर गैंग का पर्दाफाश किया है, जो पुलिसकर्मियों का रूप धारण करके लूटपाट किया करता था। इस मामले में कुल आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से लूटे गए पैसे, मोबाइल फोन, लैपटॉप और अपराध में इस्तेमाल की गई गाड़ियों को बरामद किया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार पकड़े गए आरोपितों की पहचान शास्त्री पार्क निवासी हनी कुमार (31), रोहिणी निवासी सन्नी शर्मा (28), कराला निवासी अंकित जैन (32), पीतमपुरा निवासी विक्रम सिंह (35), करावल नगर निवासी राहुल गुप्ता (27), रोहिणी निवासी राहुल यादव (27), रामा विहार निवासी अनिल कांत (33) और रामा विहार निवासी जीतपाल (42) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से दो कारए एक लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन दस हजार रुपये बरामद किए है। पुलिस के अनुसार, 26 जून को लक्ष्मी नगर इलाके में एक इंश्योरेंस पॉलिसी ऑफिस में चार अपराधी खुद को दिल्ली पुलिस के स्पेशल स्टाफ का अधिकारी बताकर कार्यालय में घुसे।

# क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस से लैस स्टील्थ फ्रिगेट 'तमाल' नौसेना के समुद्री बेड़े में शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने रूस के कलिनिनग्राद में हथियारों और सेंसर से लैस स्टील्थ फ्रिगेट 'तमाल' को अपने समुद्री बेड़े में शामिल कर लिया। देवताओं के राजा इंद्र की तलवार के नाम पर रखा गया तमाल भारत का आखिरी आयातित जहाज है, क्योंकि भारत अब अपने सभी जहाजों का निर्माण स्वदेश में ही कर रहा है। हथियारों और सेंसर के मामले में नवीनतम यह युद्धपोत समुद्र और जमीन दोनों पर निशाना साधने के लिए लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस से लैस है। पश्चिमी बेड़े में तैनात होने वाला तमाल युद्धपोत न केवल भारतीय नौसेना की बढ़ती हुई क्षमताओं का प्रतीक होगा, बल्कि भारत-रूस साझेदारी का विशिष्ट उदाहरण पेश करेगा।



पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल संजय जे सिंह मुख्य अतिथि के रूप में इस समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। तमाल जहाज तुशील श्रेणी का ऐसा दूसरा युद्धपोत है, जो अपने पूर्ववर्ती जहाजों तलवार और टेग श्रेणी का उन्नत संस्करण व गोपनीयता से कार्य करने वाला जलपोत है। इन दोनों ही श्रेणियों में से प्रत्येक में तीन-तीन जंगी जहाज हैं। तुशील श्रेणी के लिए अनुबंध के हिस्से के रूप में भारत अपने गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में त्रिपुट श्रेणी नाम के दो महत्वपूर्ण युद्धपोतों का निर्माण कर रहा है। भारतीय नौसेना जहाजों की इस श्रृंखला के निर्माण कार्य के पूरा होने के बाद चार विभिन्न श्रेणियों में समान क्षमताओं व उपकरणों और हथियार तथा सेंसर में समानता वाले दस युद्धपोतों का संचालन करेगी। मास्को स्थित भारतीय दूतावास के मार्गदर्शन में कैलिनिनग्राद में तैनात युद्धपोत पर्यवेक्षण दल के विशेषज्ञों के एक भारतीय दल ने तमाल के निर्माण की पूर्ण रूप से निगरानी की।

## राष्ट्रीय महिला आयोग अहमदाबाद में आयोजित करेगा जनसुनवाई का कार्यक्रम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग- आपके द्वार के तहत इस बार महिला जन सुनवाई का आयोजन अहमदाबाद में करेगा। इस जन सुनवाई का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित लंबित मामलों का समाधान करना तथा यथासंभव सभी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करना है।

यह जन सुनवाई 03 जुलाई, को दोपहर 12 बजे से अहमदाबाद में स्थित स्टेट गेस्ट हाउस के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की जाएगी, जिसमें राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर उपस्थित रहेंगी। राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित इन दोनों जन सुनवाई में संबन्धित जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारिगण भी सक्रिय रूप से भाग लेंगे, जिससे महिलाओं से संबंधित मुद्दों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। आयोग ने जानकारी दी कि एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विजया रहाटकर गुजरात के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) एवं राज्य के अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मिलकर, राज्य मे महिलाओं से संबन्धित अपराध व उनके निस्तारण पर बात करेंगी। विजया रहाटकर अहमदाबाद जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बैठक करेंगी। इस कार्यक्रम के अभिन्न अंग के रूप में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम (पोश) के अंतर्गत स्थानीय समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

## चुनाव आयोग ने टाली बिहार से जुड़ी बैठक, राजनीतिक दलों ने नहीं की पुष्टि

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बिहार में इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी तैयारियां तेज दी कर दी हैं। बिहार की मतदाता सूची की गहन जांच कराने की चुनाव आयोग की घोषणा के बाद से विपक्षी दलों ने इसको लेकर अपना पक्ष रखने के लिए आयोग के साथ बैठक की मांग की थी, लेकिन दो जुलाई को तय यह बैठक राजनीतिक दलों की ओर से पुष्टि नहीं किए जाने के कारण अब स्थगित कर दी गई है। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार कांग्रेस के एक विधिक सलाहकार की ओर से चुनाव आयोग को एक ई-मेल प्राप्त हुआ था। इसमें बिहार में विशेष सघन पुनरीक्षण से संबंधित मामलों पर चर्चा के लिए दो जुलाई को तत्काल बैठक का अनुरोध किया गया था। यह आग्रह एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल की ओर से किया गया था, जिसमें उक्त वकील ने स्वयं को उन सभी दलों का प्रतिनिधि बताया था। आयोग को अब तक किसी भी राजनीतिक दल की ओर से इस बैठक को लेकर कोई औपचारिक




चुनाव आयोग ने इस अनुरोध पर संज्ञान लेते हुए संबंधित राजनीतिक दलों से पुष्टि करने की मांगी थी कि वे 2 जुलाई को शाम 5 बजे प्रस्तावित बैठक में भाग लेने के लिए सहमत हैं या नहीं। हालांकि, पुष्टि प्राप्त नहीं हुई है। इस कारण आयोग को दो जुलाई की प्रस्तावित बैठक को 'स्थगित' करना पड़ा है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि वह सभी दलों से प्राप्त पुष्टि के बाद ही अगली बैठक की तिथि तय करेगा।

## भारत-पाकिस्तान ने कैदियों की सूची का किया आदान-प्रदान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की जेलों में भारत के 193 मछुआरे समेत 246 लोग बंद हैं। जबकि भारत की जेल में पाकिस्तान के 81 मछुआरे और 382 अन्य लोग बंद हैं। यह आंकड़ा दोनों देशों के बीच राजनयिक चैनल के माध्यम से हुई कैदियों की सूची के आदान-प्रदान से सामने आया। इस मौके पर भारत ने पाकिस्तान से अपील की है कि हिरासत में अपनी सजा पूरी तक चुके 159 भारतीय कैदियों, मछुआरों और उनकी नावों को जल्दी रिहा कर उनकी वापसी सुनिश्चित करे। साथ ही भारत ने पाकिस्तान से 26 ऐसे नागरिकों और मछुआरों को कांसुलर एक्सेस प्रदान करने की मांग की है, जिन्हें अभी तक यह सुविधा नहीं मिली है। भारत ने यह भी आग्रह किया है कि पाकिस्तान सभी भारतीय और संभावित भारतीय कैदियों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करे, जब तक कि उनकी रिहाई और भारत प्रत्यावर्तन नहीं हो जाता। इसके अलावा भारत ने 2,661 भारतीय मछुआरों और 71 अन्य लोगों की पाकिस्तान से स्वदेश वापसी हो चुकी है। इनमें से 2023 से अब तक 500 मछुआरे और 13



पाकिस्तान से अनुरोध किया है कि वह 80 ऐसे लोगों की नागरिकता की पुष्टि प्रक्रिया में तेजी लाए, जिन्हें भारत में पाकिस्तानी मानते हुए हिरासत में रखा गया है और जिनका प्रत्यावर्तन राष्ट्रीयता का पता न होने की वजह से लंबित है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 से अब तक नागरिक कैदी भारत वापस लाए जा चुके हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच दोनों देशों में बंद कैदियों की सूची का आदान-प्रदान 2008 में हुए कांसुलर एक्सेस संबंधी द्विपक्षीय समझौते के तहत हर साल एक जनवरी और एक जुलाई किया जाता है।

# चुनाव आयोग से मिला तृणमूल प्रतिनिधिमंडल, मतदाता सूची सहित विभिन्न मुद्दों को उठाया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने देश में चुनावी प्रक्रिया को मजबूत करने और राजनीतिक दलों के साथ संवाद बढ़ाने की पहल के तहत सोमवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व टीएमसी नेता और पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने की। प्रतिनिधिमंडल में सांसद कल्याण बनर्जी, राज्य सरकार में मंत्री फिरहाद हकीम, अरूप विश्वास और सांसद प्रकाश चिक बड़ाईक शामिल थे।

चुनाव आयोग से मिले तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने मतदाता सूची, केंद्रीय बलों की भूमिका और राज्यपाल की गतिविधियों सहित कई अहम मुद्दों पर चिंता जताई। बैठक सकारात्मक महौल में हुई और पार्टी ने आयोग पर विश्वास व्यक्त किया। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में प्रतिनिधिमंडल में शामिल वरिष्ठ पार्टी नेता कल्याण बनर्जी ने कहा कि हम चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट




पर विश्वास करते हैं और उम्मीद करते हैं कि आयोग निष्पक्षता बनाए रखेगा। उन्होंने मांग की कि बिना राजनीतिक दलों को पूर्व सूचना दिए किसी भी मतदाता को तीन या चार महीने की अवधि के दौरान मतदाता सूची में शामिल न किया जाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि मतदाता सूची का आधार वर्ष 2003 के बजाय 2024 होना चाहिए। आयोग ने इस पर विचार करने का आश्वासन दिया है।फिरहाद हाकिम ने कहा कि हमने केंद्रीय बलों के कई बार मतदान केंद्रों पर जाकर मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश का मुद्दा उठाया और मांग की कि उनके साथ राज्य पुलिस की भी उपस्थिति आवश्यक है। इसके अलावा, तृणमूल ने चुनावों के दौरान उपराज्यपाल की गतिविधियों, आधिकारिक कार्यक्रमों में राजनीतिक भाषण देने और आचार संहिता के उल्लंघन जैसे विषयों को भी आयोग के समक्ष रखा। आयोग ने सभी बिंदुओं पर विचार करने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। चुनाव आयोग का कहना है कि इन बैठकों के पीछे चुनाव आयोग का उद्देश्य है कि राजनीतिक दलों की चुनाव प्रक्रिया से संबंधित चिंताओं और सुझावों सुनकर, लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने का है। चुनाव आयोग इससे पहले भी राष्ट्रीय दलों से विचार-विमर्श करता रहा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती के अगुआई में बसपा प्रतिनिधिमंडल 6 मई को, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की अगुआई में भाजपा प्रतिनिधिमंडल 8 मई को, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव एम.ए. बेबी की अगुआई में सीपीआई(एम) का प्रतिनिधिमंडल 10 मई को, नेशनल पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष कॉनराडसंगमा 13 मई को और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल 15 मई को चुनाव आयोग के साथ बैठक कर चुका हैं।

## राजनाथ सिंह ने अमेरिकी रक्षा सचिव से की रक्षा सहयोग पर चर्चा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के साथ टेलीफोन पर बात की। दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। राजनाथ सिंह ने भारत को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सहयोग और समर्थन देने के लिए आभार जताया। राजनाथ सिंह ने कहा कि अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के साथ टेलीफोन पर बात करके खुशी हुई। भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी को और मजबूत करने और क्षमता निर्माण में सहयोग को मजबूत करने के लिए चल रही और नई पहलों की समीक्षा करने के लिए उत्कृष्ट चर्चा हुई।? आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका ?की ओर से भारत को दिए गए अटूट समर्थन के लिए अपनी गहरी सराहना व्यक्त की। मैं जल्द ही उनसे मिलने के लिए उत्सुक हूं। इससे पहले दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच 01 मई को टेलीफोन पर वार्ता हुई थी, जब 22 अप्रैल को पहलगाम हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ गया था। उस वक्त पाकिस्तान को डर सता रहा था कि भारत किसी भी वक्त उस पर हमला कर सकता है। दूसरी तरफ भारत ने भी वैश्विक समुदाय को अपनी बात समझाने की पहल शुरू की थी। अमेरिका ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की दुखद मौत पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की थी।

# सरकारी अस्पतालों को मिलेगी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की सौगात: रेखा गुप्ता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हमने दिल्ली के सभी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए व्यापक योजनाएं शुरू कर दी हैं। चाहे वह इन्फ्रास्ट्रक्चर का उन्नयन हो, परिसर का विकास हो, या बेड की संख्या में वृद्धि, सभी के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं और शीघ्र ही ये सुविधाएं धरातल पर दिखेंगी। सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड जैसी आधुनिक मशीनों की स्थापना प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है ताकि हर अस्पताल में सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध हों। साथ ही, चिकित्सा कर्मियों की स्थायी नियुक्तियों की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

रेखा गुप्ता राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर लोक नायक अस्पताल के सभागार में 'संत ईश्वर संवाद' कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि दवाइयों की खरीद में परोक्ष भ्रष्टाचार पर कठोर अंकुश लगाते हुए यह सुनिश्चित किया है कि हर अस्पताल में जन औषधि केंद्र हों। अब तक 17 अस्पतालों में इनके उद्घाटन हो चुके हैं और यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। संत ईश्वर फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सेवा क्षेत्र के प्रयासों की सराहना करते हुए रेखा गुप्ता ने डॉक्टर्स डे पर सभी चिकित्सकों के योगदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की सेवाओं का कोई मूल्यांकन संभव नहीं है–कोरोना जैसी भीषण महामारी में जब पूरी दुनिया थम-सी गई थी, तब आप नींद त्यागकर दिल्ली की सांसों को चलाए रखने में जुटे रहे। हमारे सरकारी अस्पतालों का उद्देश्य सेवा है, व्यवसाय नहीं। लोक नायक अस्पताल एवं संत ईश्वर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चिकित्सा समुदाय,




नीति-निर्माता और सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एकात्म मानव दर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान के अध्यक्ष महेश चंद्र शर्मा, संत ईश्वर फाउंडेशन के चेयरमैन एवं विश्व हिंदू परिषद दिल्ली के अध्यक्ष कपिल खन्ना, आरएसएस के प्रांत संघचालक डॉ. अनिल अग्रवाल, चिकित्सा निदेशक, लोक नायक अस्पताल वीएल चौधरी, चांदनी चौक के सांसद प्रवीण खंडेलवाल विशेष रूप से उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान समस्त प्रमुख सरकारी अस्पतालों के प्रमुखों को ÷संत ईश्वर धन्वंतरि सम्मान से सम्मानित किया गया। इन चिकित्सकों को यह सम्मान चिकित्सा सेवा में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

## रेल मंत्री ने 'रेलवन' ऐप किया लॉन्च, यात्रियों की सभी सेवाएं एक प्लेटफॉर्म पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को सीआरआईएस के 40वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर 'रेलवन' ऐप का शुभारंभ किया। यह ऐप भारतीय रेल यात्रियों के लिए एक वन-स्टॉप सॉल्यूशन के रूप में विकसित किया गया है, जो टिकटिंग से लेकर ट्रेन में भोजन बुकिंग तक की सभी प्रमुख सेवाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराता है। रेलवे मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, 'रेलवन' ऐप के माध्यम से यात्री आरक्षित और अनारक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट बुक कर सकते हैं। इसके अलावा ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना, 'रेल मदद' सेवाएं, ट्रेन में भोजन की बुकिंग और माल परिवहन से संबंधित जानकारी भी ऐप पर ही मिल सकेगी। ऐप का उद्देश्य यात्रियों को सरल, सहज और समग्र अनुभव देना है। इसे एकीकृत यूज़र इंटरफ़ेस के माध्यम से संभव बनाया गया है। इस ऐप की खासियत इसका 'सिंगल साइन-ऑन फीचर' है, जिससे यात्रियों को अनेक पासवर्ड याद रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यात्री मौजूदा रेल कनेक्ट या यूटीसन मोबाइल ऐप की आईडी से भी लॉग इन कर सकते हैं। इससे अलग-अलग ऐप डाउनलोड करने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे

RailOne

मोबाइल की स्टोरेज भी बचेगी। 'रेलवन' ऐप में आर-वॉलेट, बायोमेट्रिक लॉगिन और एमपिन जैसी सुविधाएं दी गई हैं। नए उपयोगकर्ताओं के लिए बेहद कम जानकारियों के साथ त्वरित पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध है। केवल पूछताछ करने वाले यात्री मोबाइल नंबर और ओटीपी के ज़रिए गेस्ट लॉगिन से भी सेवा का लाभ उठा सकते हैं।

## एआई मानवीय बुद्धिमत्ता का विकल्प नहीं, बल्कि सहायक: दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता नई दिल्ली में विधानसभाओं में एआई के प्रयोग पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एक शक्तिशाली उपकरण है, यह मनुष्य का विकल्प नहीं बल्कि एक सहायक है जिसे विवेक, संवेदनशीलता और लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एआई के माध्यम से विधायकों को रिपोर्टों का विश्लेषण, आंकड़ों की तुलना और सिनॉप्सिस बनाने जैसे कार्यों में मदद मिल सकती है, जिससे विधानसभा सत्रों की तैयारी बेहतर होगी। एआई आधारित पोर्टल्स और चैटबॉट्स नागरिकों को जनप्रतिनिधियों की सक्रियता की जानकारी देकर जवाबदेही और पारदर्शिता भी बढ़ा सकते हैं। गुप्ता ने कहा कि तकनीक पूरी तरह दोषरहित नहीं होती और एआई को लेकर कुछ गंभीर चिंताएं भी हैं। एआई वही सीखता है जो डाटा उसे सिखाता है। अगर डाटा पक्षपातपूर्ण या अधूरा है, तो एआई के सुझाव भी उसी दिशा में होंगे। इससे नीति निर्माण में असंतुलन



आ सकता है और समाज के कमजोर वर्गों को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि यदि एलगोरिदम निष्पक्ष नहीं हुए तो शक्तिशाली वर्ग इसका दुरुपयोग कर सकते हैं जिससे लोकतंत्र प्रभावित हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में सभी विधायक तकनीकी रूप से सशक्त नहीं हैं, विशेष रूप से ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले जनप्रतिनिधि। ऐसे में कोई पीछे न छूटे इसलिए उन्हें उचित प्रशिक्षण देना जरूरी है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि एआई के आने से विधानसभाओं में अनुसंधान और विश्लेषण से जुड़ी नौकरियों पर असर पड़ सकता है, इसलिए अनुभवी जनशक्ति को दरकिनार नहीं किया जाना चाहिए। गुप्ता ने यह भी सवाल उठाया कि यदि एआई द्वारा दी गई जानकारी गलत हो तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी मशीन, सरकार या तकनीकी कंपनी कीइसके लिए उन्होंने स्पष्ट नीति और उत्तरदायित्व तय करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि हमें एआई का विरोध नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण और जिम्मेदार उपयोग सुनिश्चित करना है ताकि यह लोकतंत्र के हित में उपयोगी साबित हो।

# इंडी गठबंधन भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद का पर्याय: प्रदीप भंडारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने डिजिटल इंडिया मिशन के 10 साल पूरे होने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आरोपों को लेकर पलटवार किया है। भाजपा ने कहा कि आज विपक्ष बौखलाया हुआ है। वो इस बात को स्वीकार नहीं पा रहा है कि देश का गरीब व वंचित डिजिटल इंडियाके साथ जुड़ रहा है। इंडी गठबंधन भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद का पर्याय बन गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया मिशन' के 10 साल पूरे हो रहे हैं। आज देश की जनता के सामने दो मॉडल हैं, एक तरफ भ्रष्टाचारी, परिवारवादी, नमाजवादी विपक्ष का मॉडल है। जिसमें हिमाचल प्रदेश में एक सरकारी कर्मचारी को राहुल गांधी के करीबी पीटते हैं, तो वहीं कर्नाटक में ये योजनाओं में भ्रष्टाचार करते हैं और कुर्सी की लड़ाई में व्यस्त रहते हैं, क्योंकि इनके डीएनए में भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी कहा करते थे कि सरकार एक रुपया भेजती है और जनता तक 15 पैसा पहुंचता है। आज कांग्रेस शासित राज्यों में वही हो रहा है। भंडारी ने कहा कि कांग्रेस कहा करती थी कि गांव तक इंटरनेट नहीं पहुंच सकता है, लेकिन आज 95 प्रतिशत गांवों तक इंटरनेट पहुंच चुका है। ये डिजिटल इंडिया की सच्चाई है। आज विपक्ष बौखलाया हुआ है, क्योंकि ये इस बात को स्वीकार नहीं पा रहा है कि देश का गरीब व वंचित डिजिटल इंडिया के साथ जुड़ रहा है। इसी का परिणाम है कि आज 25 करोड़ गरीब, गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। पी. चिदंबरम ने एक बार गरीबों द्वारा डिजिटल भुगतान प्रणाली अपनाने पर संदेह व्यक्त किया था। हालांकि, डिजिटल इंडिया की सफलता के एक दशक पूरे होने पर भारत में अब वैश्विक वित्तीय लेन-देन का 50 प्रतिशत हिस्सा है। यह प्रधानमंत्री मोदी के विकास के मॉडल की जीत है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इंटरनेट बाजार है। यह प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान की सफलता का सबसे बड़ा सबूत है। कांग्रेस को आज देखना चाहिए कि किस तरह आज एक-एक स्ट्रीट वेंडर भुगतान के लिए यूपीआई का उपयोग कर रहे हैं।

## संपादक की कलम से

## अब सुप्रीम कोर्ट को धौंस!

दुबे ने एकवचन में गृहयुद्ध की नहीं, बहुवचन में गृहयुद्धों की बात कही है। उसका इशारा सुप्रीम कोर्ट के हाल के कुछ और महत्वपूर्ण फैसलों की ओर भी है। इशारा खासतौर पर राज्यपालों की भूमिका और विशेष रूप से राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों के संदर्भ में राज्यपालों की भूमिका को लेकर, तमिलनाडु बनाम राज्यपाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट के हाल के ही फैसले की ओर है।

फासीवादियों की एक जाने-मानी रणनीति है। जो खुद करना चाहते हो, करने जा रहे हो, विरोधी पर वही करने का आरोप लगा दो। भाजपा के बदजुबान पर मोदी जी निजाम के मुंहलगे सांसद, निशिकांत दुबे सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, संजीव खन्ना पर देश में हो रहे सभी गृह युद्धों की जिम्मेदारी डालने के जरिए, ठीक यही दांव आजमा रहे थे। कहने की जरूरत नहीं है कि दुबे का उक्त बयान, वक्फ कानून की वैधता के लिए चुनौतियों की सुनवाई के क्रम में संजीव खन्ना के नेतृत्व वाले सुप्रीम कोर्ट के तीन सदस्यीय खंडपीठ द्वारा अपनाए गए आरंभिक रुख के संदर्भ में आया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में क्या कहा है और क्या किया है, इसकी चर्चा हम जरा आगे चलकर करेंगे। यहां सिर्फ इतना कि अगर भाजपा के अघोषित प्रवक्ता के रूप में दुबे को, इस संदर्भ में गृहयुद्धों की याद आ गयी है, तो यह संयोग ही नहीं है। इसमें वक्फ कानून को लाने के पीछे संघ-भाजपा निजाम के असली मकसद का इशारा है। और यह मकसद है, मुसलमानों की स्थिति को और कमजोर करना, उन्हें और दबाना, जिसके संबंध में वे भी बखूबी जानते हैं कि यह देश को गृहयुद्ध की ओर धकेलना है। लेकिन, किसी कमजोर, अल्पसंक्र्यक को दबाने वाला गृहयुद्ध ही उनका वाक्य है न कि गृहयुद्ध से बचाव।याद रहे कि दुबे ने एकवचन में गृहयुद्ध की नहीं, बहुवचन में गृहयुद्धों की बात कही है। उसका इशारा सुप्रीम कोर्ट के हाल के कुछ और महत्वपूर्ण फैसलों की ओर भी है। इशारा खासतौर पर राज्यपालों की भूमिका और विशेष रूप से राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों के संदर्भ में राज्यपालों की भूमिका को लेकर, तमिलनाडु बनाम राज्यपाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट के हाल के ही फैसले की ओर है। उस निर्णय से जुड़ा गृहयुद्ध का इशारा, आम तौर पर राज्यों की स्वायत्तता के खिलाफ और खासतौर पर दक्षिण भारतीय राज्यों की भाषायी-सांस्कृतिक-सामाजिक स्वायत्तता के खिलाफ, संघ-भाजपा की एकात्मकतावादी मुहिम में निहित गृहयुद्ध की संभावनाओं की ओर है।इस प्रसंग में इसकी याद दिलाना अप्रासांगिक नहीं होगा कि तमिलनाडु की हिंदी थोपे जाने की चिंताओं का आधे-अधूरे तरीके से सरकार की ओर से खंडन किए जाने के बीच ही, महाराष्ट्र की भाजपा-नीत गठजोड़ सरकार ने तमिलनाडु की आशंकाओं को ही सच साबित करते हुए, इसका ऐलान कर दिया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत, त्रिभाषा फामूर्ले की तीसरी भाषा के रूप में महाराष्ट्र में हिंदी अनिवार्य की जा रही है। हैरानी की बात नहीं है कि इस निर्णय का व्यापक रूप से विरोध भी हो रहा है। बहरहाल, इसके सामानांतर मुंबई के कुछ हिस्सों से एक बार फिर गुजरातियों और मराठियों के बीच तनाव बढ़ने की खबरें आने लगी हैं।यह भी याद रहे कि तमिलनाडु बनाम राज्यपाल प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ हमले की शुरूआत, निशिकांत दुबे से दो-तीन दिन पहले,भारत के उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कर चुके थे। धनखड़ जो सर्वोच्च न्यायालय के तथाकथित अतिक्रमणों से संसद की और वास्तव में कार्यपालिका की हिफाजत करने के नाम पर पहले भी कई बार तलवार भांज चुके हैं, इस बार सर्वोच्च न्यायालय से इस बात से खफा थे कि उसने राज्यपालों द्वारा और यहां तक कि राष्ट्रपति द्वारा भी, राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित किए गए विधेयकों पर मंजूरी या नामंजूरी का निर्णय करने के लिए, तीन महीने की अधिकतम सीमा तय कर दी है। उनके अनुसार यह राष्ट्रपति की और उसकी नियुक्तियों के रूप में राज्यपालों की भी सर्वोच्चता का अतिक्रमण है! अदालत राष्ट्रपति को कुछ भी निर्देश कैसे दे सकती है, भले ही यह इसी का निर्देश क्यों न हो कि राज्य विधायिका द्वारा पारित विधेयकों पर बैठे ही नहीं रहें, तीन महीने के अंदर उन पर अपना कोई न कोई फैसला दे दें! सर्वोच्च न्यायालय को पूर्ण न्याय करने में समर्थ बनाने वाली संविधान की धारा-142 को तो उपराष्ट्रपति धनखड़ ने जनतांत्रिक ताकतों के खिलाफ नाभिकीय मिसाइल, जो न्यायपालिका को 24 घंटा 7 दिन उपलद्बध है ही करार दे दिया। यह इसके बावजूद था कि बाबरी मस्जिद बनाम रामजन्म भूमि विवाद में, मंदिर के पक्ष में अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कथित रूप से पूर्ण न्याय करने के लिए ठीक इसी धारा का सहारा लिया था।फिर भी यह अकारण ही नहीं है कि धनखड़ से भिन्न, निशिकांत दुबे तथा दिनेश शर्मा जैसे भाजपायी सांसदों ने, आम तौर पर सर्वोच्च न्यायालय पर और खासतौर पर मुख्य न्यायाधीश पर निशाना साधते हुए, वक्फ बोर्ड के मुद्दे को ही सबसे आगे रखा है। इसका सीधा संबंध, वक्फ कानून में संशोधनों के हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक मंतव्यों से है। बेशक, संघ-भाजपा की ओर से इसका काफी स्वांग भी किया जाता रहा है और जाहिर है कि इसमें संसद में बहस के दौरान तथा उसके बाद के भी उनके जुबानी दावे भी शामिल हैं, कि ये संशोधन वास्तव में मुसलमानों को लाभ पहुंचाने की चिंता से किए जा रहे हैं। कि इन संशोधनों से विशेष रूप से मुस्लिम महिलाओं व पसमांदा मुसलमानों को और मुसलमानों के बोहरा आदि कमजोर पंथों को फायदा मिलने वाला है। कि इसका हिंदुओं के तुष्टिकरण से कोई संबंध नहीं है, आदि।

## भारत में कम हो रहे सर्वाइकल कैंसर के मामले, एम्स की डॉक्टर ने बताया कैसे



सर्वाकल कैंसर को लेकर राहत भरी खबर है. यह खबर नेशनल एकेडमिक ऑफ मेडिकल सांइस ( ठअटर) से आई है. ठअटर की वाइस प्रेसिडेंट प्रोफेसर नीरजा भाटला का दावा है कि देश में सर्वाकल कैंसर को लेकर जागरुकता और सरकारी पहल का असर देखने को मिल रहा है. टीवी9 भारतवर्ष से खास बातचीत में उन्होंने दावा किया कि आईसीएमआर (इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च) में जिस तरह सर्वाइकल कैंसर को लेकर मामले दर्ज होते थे उनमें कमी आई है. इसकी बड़ी वजह सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीनेशन भी है.

ग्लोबोकन 2020 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 123,907 नए सर्वाइकल कैंसर के मामले पाए गए हैं और इस बीमारी से 77,348 लोगों ने अपनी जान गवां ली है. पैप स्मीयर या एचपीवी परीक्षणों के साथ नियमित जांच से कैंसर पूर्व घावों का पता लगाया जा सकता है, जिससे की समय रहते इलाज शुरू कर इसे ठीक किया जा सके. देश में हर दिन इसकी वजह से करीब 200 महिलाओं की मृत्यु होती है. लेकिन अब मामलों में पहले की तुलना में कमी आ रही है.

**क्या है सर्वाइकल कैंसर**

सर्वाइकल कैंसर के सभी मामले ूमन पैपिलोमा वायरस (ऌढश) इन्फेक्शन से जुड़े होते हैं, जो यौन संचारित रोग है. आंकड़े यह भी बताते हैं कि भारत में प्रति 1000 महिलाओं में 17.7 महिला सर्वाइकल कैंसर से ग्रसित हैं. हव्ऌड के मानकों के मुताबिक इन आंकड़ो के कम करके 4 प्रतिशत तक लाना है. भारत में जिस हिसाब से सर्वाइकल कैंसर के मामले हैं उनपर कन्ट्रोल करते करते साल 2062 हो जाएगा. डॉ नीरजा ने बताया कि यदि पीरियड्स के बीच में ब्लीडिंग होता है, यौन संसर्ग के बाद ब्लीडिंग, दुर्गंधयुक्त श्वेत स्त्राव और कमर के निचले भाग में दर्द या पेट के निचले हिस्से में भी तकलीफ महसूस हो सकती है. इसके साथ ही पेशाब करने के दौरान अचानक दर्द या कठिनाई महसूस होना भी इसके लक्षण हैं. सर्वाइकल कैंसर एचपीवी वायरस से होता है।

# मानव सभ्यता को बचाने के लिये पृथ्वी संरक्षण जरूरी

**-ललित गर्ग-**

प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, जलवायु परिवर्तन से निपटने और जैव विविधता संकट को रोकने के लिए कार्रवाई का एक क्रांतिकारी आान है पृथ्वी दिवस जो पूरे विश्व को मनाया जाता है। पृथ्वी या सृष्टि के संरक्षण और स्थिरता के लिए जागरूकता पैदा करना इसलिये आवश्यक हो गया कि जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और वनों की कटाई के कारण प्रकृति एवं पर्यावरण पर गहरे संकट है। वर्ष 2025 में इस दिवस की थीम है हमारी शक्ति, हमारा ग्रह, जो यह स्पष्ट करता है कि जलवायु परिवर्तन और हमारे पर्यावरण के दुरुपयोग से निपटने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा की तत्काल आवश्यकता है। हमारे स्वास्थ्य, हमारे परिवारों, हमारी आजीविका और हमारी धरती को एक साथ संरक्षित करने का समय आ गया है। पृथ्वी दिवस आधुनिक पर्यावरण आंदोलन की वर्षगांठ का प्रतीक है, जो पहली बार सन् 1970 में मनाया गया था। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एवं पृथ्वी के संरक्षण के लिये जागरूक करना है। दुनिया में पृथ्वी के विनाश, प्रकृति प्रदूषण एवं जैविक संकट को लेकर काफी चर्चा हो रही है।



190 से अधिक देशों को पृथ्वी दिवस में शामिल करते हुए एक वैश्विक आंदोलन बन गया है जो प्लास्टिक प्रदूषण, नवीकरणीय संसाधन, ग्लोबल वार्मिंग और टिकाऊ जीवन जैसी प्रमुख पर्यावरणीय चिंताओं की ओर ध्यान आकर्षित करता है। वृक्षारोपण, सफाई अभियान, शैक्षिक अभियान और वकालत वैश्विक स्तर पर सरकारों, संगठनों, स्कूलों और समुदायों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों में से हैं। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण की दृष्टि से अधिक सही निर्णय लेने तथा पृथ्वी के अनुकूल नीतियों के पक्ष में खड़ा करता है और इस बात पर जोर देता है कि आपकी उम्र चाहे जो भी हो या आप कहीं भी रहते हों, आप पृथ्वी को अधिक स्वस्थ और टिकाऊ बनाने में योगदान दे सकते हैं और ऐसा करते हुए शांति की स्थापना एवं शांतिपूर्ण जीवन को सुदृढ़ बना सकते हैं। इस दिवस के माध्यम से ऐसे विचारों एवं जीवनशैली को संगठित करना है जिससे पर्यावरण नीति निमार्ता सरकारों को प्रेरित करें ताकि पर्यावरणीय स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए कानूनों और प्रथाओं में बदलाव हो सके एवं वैज्ञानिक नवाचारों और हरित प्रौद्योगिकियों के विचार को बल देते हुए पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करने और भविष्य में स्थिरता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा सके।

आज विश्व भर में हर जगह प्रकृति का दोहन एवं शोषण जारी है। जिसके कारण पृथ्वी पर अक्सर उत्तरी ध्रूव की ठोस बर्फ का कई किलोमीटर तक पिघलना, सूर्य की पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी तक आने से रोकने वाली ओजोन परत में छेद होना, भयंकर तूफान, सुनामी और भी कई प्राकृतिक आपदाओं का होना आदि ज्वलंत समस्याएं विकराल होती जा रही है, जिसके लिए मनुष्य ही जिम्मेदार हैं। ग्लोबल वार्मिग के रूप में जो आज हमारे सामने हैं। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तिव ही समाप्त हो जाएगा। जीव-जन्तु अंधे हो जाएंगे। लोगों की त्वचा झुलसने लगेगी और कैंसर रोगियों की संख्या बढ़ जाएगी एवं अनेक नयी-नयी व्याधियां रह-रहकर जीवन संकट का कारण बनती रहेगी। इसीलिये विश्व पृथ्वी दिवस की आज ज्यादा प्रासंगिकता एवं उपयोगिता है। यह दीर्घकालिक परिवर्तन को संभव बनाने की दिशा में काम करेगा क्योंकि यह पर्यावरण जागरूकता की संस्कृति को विकसित करता है और वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों को पृथ्वी का सक्रिय संरक्षक बनने के लिए सशक्त बनाता है।

जिस पृथ्वी को हम माँ का दर्जा देते हैं उसे हम खुद अपने ही हाथों दूषित करने में कैसे लगे रहते हैं? आज जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा संकट बन गया है। अगर पृथ्वी के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाए तो मानव जीवन कैसे सुरक्षित एवं संरक्षित रहेगा? पृथ्वी है तो सारे तत्व हैं, इसलिये पृथ्वी अनमोल तत्व है। इसी पर आकाश है, जल, अग्नि, और हवा है। इन सबके मेल से प्रकृति की संरचना सुन्दर एवं जीवनमय होती है। अपने-अपने स्वार्थ के लिए पृथ्वी पर अत्याचार रोकना होगा और कार्बन उत्सर्जन में कटौती पर ध्यान केंद्रित करना होगा। अतिशयोक्तिपूर्ण ढंग से औद्योगिक क्रांति पर नियंत्रण करना होगा, क्योंकि उन्हीं के कारण कार्बन उत्सर्जन और दूसरी तरह के प्रदूषण में बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कई प्रजाति के जीव-जंतु, प्राकृतिक स्त्रोत एवं वनस्पति विलुप्त हो रहे हैं, जिससे पृथ्वी असंतुलित हो रही है। विलुप्त होते जीव-जंतु और वनस्पति की रक्षा के लिये विश्व-समुदाय को जागरूक करने के लिये ही इस दिवस को मनाया जाता है।

आज चिन्तन का विषय न तो रूस-यूक्रेन युद्ध है, न अमेरिका का टैरिफ वार है और न मानव अधिकार, न कोई विश्व की राजनैतिक घटना और न ही किसी देश की रक्षा का मामला है। चिन्तन एवं चिन्ता का एक ही मामला है लगातार विकराल एवं भीषण आकार ले रही गर्मी, सिकुड़ रहे जलस्त्रोत, विनाश की ओर धकेली जा रही पृथ्वी एवं प्रकृति के विनाश के प्रयास। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता प्रदूषण, नष्ट होता पर्यावरण, दूषित गैसों से छिद्रित होती ओजोन की ढाल, प्रकृति एवं पर्यावरण का अत्यधिक दोहन- ये सब पृथ्वी एवं पृथ्वीवासियों के लिए सबसे बडे. खतरे हैं और इन खतरों का अहसास करना ही विश्व पृथ्वी दिवस का ध्येय है। प्रतिवर्ष धरती का तापमान बढ़ रहा है। आबादी बढ़ रही है, जमीन छोटी पड़ रही है। हर चीज की उपलब्धता कम हो रही है। आक्सीजन की कमी हो रही है। साथ ही साथ हमारा सुविधावादी नजरिया एवं जीवनशैली पृथ्वी और उसके पर्यावरण एवं प्रकृति के लिये एक गंभीर खतरा बन कर प्रस्तुत हो रहा हैं।

जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से पृथ्वी और प्रकृति का निर्माण होता है। यदि यह तत्व न हों तो पृथ्वी और प्रकृति इन तीन तत्वों के बिना अधूरी है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है। आधुनिकीकरण के इस दौर में जब इन संसाधनों का अंधाधुन्ध दोहन हो रहा है तो ये तत्व भी खतरे में पड़ गए हैं। अनेक शहर पानी की कमी से परेशान हैं। कत्लखानों में कटती गायों की निरीह आहें जिसे बेचैन कर देती थी। जो वन्य पशु-पक्षियों को खदेड़कर अपनी बस्तियों बनाने का बौना स्वार्थ नहीं पालता था। अब वही मनुष्य अपने स्वार्थ एवं सुविधावाद के लिये सही तरीके से प्रकृति का संरक्षण न कर पा रहा है और उसके कारण बार-बार प्राकृतिक आपदाएं कहर बरपा रही है। रेगिस्तान में बाढ़ की बात अजीब है, लेकिन हमने राजस्थान में अनेक शहरों में बाढ़ की विकराल स्थिति को देखा हैं। वह दिन दूर नहीं होगा, जब हमें शुद्ध पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा।

आज पॉलीथीन पृथ्वी के लिये सबसे बड़ा सिरदर्द बन गई है। इसके नष्ट न होने के कारण भूमि की उर्वरक क्षमता खत्म हो रही है। इनको जलाने से निकलने वाला धुआँ ओजोन परत को भी नुकसान पहुँचाता है जो ग्लोबल वार्मिग का बड़ा कारण है। देश में प्रतिवर्ष लाखों पशु-पक्षी पॉलीथीन के कचरे से मर रहे हैं। हमें वर्षा के जल को पुनः उपयोग में लाने वाली प्रणाली को विकसित करना होगा। हमें बिजली की बबार्दी को भी रोकना होगा अन्यथा वह दिन दूर नहीं है जब हम अंधेरे में ही अपना जीवन-यापन करने को मजबूर हो जायेंगे। हमें कागज के उपयोग को सीमित करना होगा, क्योंकि कागज पेड़ों की लकड़ी से बनता है जिसके लिए हमें बड़ी संख्या में पेड़ काटने पड़ते हैं। आजकल भूमि भी जहरीली होती जा रही है जिससे उसमें उगने वाली वनस्पतियों में विषाक्तता बढ़ती जा रही है। प्रकृति से सहज रिश्ता कायम हो। जीवन शैली में बदलाव आये। हर क्षेत्र में संयम की सीमा बने। हमारे दिमागों में भी जो स्वार्थ एवं सुविधावाद का शैतान बैठा हुआ है, उस पर अंकुश लगे। अन्यथा निकट भविष्य में मानव सभ्यता का अंत दिखाई दे रहा है।

## राहुल ने खोली चुनाव आयोग की पोल

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी जब भी विदेश दौरों पर जाते हैं, भारतीय जनता पार्टी और उसकी सरकार की जान सांसत में होती है। राहुल गांधी इस समय नेता प्रतिपक्ष हैं ही, उन्हें एक बड़े नेता के तौर पर भी देखा जाता है। देश में तो राहुल गांधी भाजपा एवं उसकी एनडीए सरकार के खिलाफ संसद के भीतर-बाहर अभियान छेड़े हुए हैं ही, विदेशों में भी प्रवासी भारतीयों, छात्रों, बुद्धिजीवियों, पत्रकारों से वे लोकतंत्र के लिए अपनी चिंताओं को साझा करते हैं। राहुल अभी अमेरिका प्रवास पर हैं। वहां उन्होंने अपनी पहली सभा में भारत के केन्द्रीय निर्वाचन आयोग की कार्यपद्धति की जमकर आलोचना की। किस तरह से पूरी निर्वाचन पद्धति सत्तारुढ़ भाजपा के पक्ष में काम करती है, उन्होंने इसका लेखा-जोखा सामने रखा है।

अमेरिका के बोस्टन शहर पहुंचे राहुल ने व्यवसायियों और वहां रहने वाले भारतीयों से बातचीत में भारत के चुनाव आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हमारे सामने यह बिल्कुल स्पष्ट हो गया है कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है और निर्वाचन प्रणाली में व्यापक गड़बड़ियां हैं। राहुल गांधी ने कहा- मैंने यह कई बार बताया है, खासकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में प्रदेश के वयस्क नागरिकों की संख्या से कहीं अधिक लोगों ने वोटिंग की। चुनाव आयोग द्वारा शाम 5.30 बजे तक मतदान के आंकड़े जारी किये गये थे। बाद में जो अंतिम आंकड़े प्रदान किये गये उसके अनुसार शाम 5.30 बजे से 7.30 बजे के बीच 65 लाख लोगों ने मतदान किया। ऐसा होना संभव ही नहीं है क्योंकि एक व्यक्ति को मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं। इस हिसाब से तो सुबह 2 बजे तक मतदाताओं की कतारें लगनी चाहिये थीं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब कांग्रेस व विपक्ष ने आयोग से वीडियो सबूत मांगे तो उसे न केवल मना कर दिया गया बल्कि आयोग ने कानून ही बदल दिया ताकि विपक्षी दल वीडियोग्राफी के लिए न कह सकें।

गौरतलब है कि राहुल ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान ऐसे वक्त में चुनावी गड़बड़ियों की ओर इशारा किया है जब कुछ ही दिनों पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके खासमखास दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क ने साफ किया है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते। बैलेट पेपर की हिमायत करते हुए मस्क ने तो यहां तक कहा है कि ईवीएम को हैक किया जा सकता है। यानी वे उस आरोप की पुष्टि कर रहे हैं जो भारत के कई विपक्षी दल 2022 से लगा रहे हैं। आरोप हैं कि पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में वोटिंग मशीनों में बड़े पैमाने पर धांधली कर भाजपा ने दो-चार नहीं वरन लगभग 80 सीटें जीती हैं। इतना ही नहीं, कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी एक खास पैटर्न के द्वारा हारती हुई भाजपा ने चंद घंटों में इतनी सीटें जीत लीं कि वह सरकार बनाने में कामयाब हो गयी। राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों के उदाहरण इस सिलसिले में दिये जाते हैं। वैसे तो भारत में जिस तरह से शासकीय मशीनरी के जरिये लोकतंत्र को अपहृत किया गया है और मोदी सरकार निरंकुश तरीके से काम कर रही है, वह दुनिया अब जान चुकी है, राहुल द्वारा जो बातें भारतीय समुदायों के समक्ष कही जा रही हैं, वह दूर तलक जायेगी क्योंकि वहां का मीडिया एक तरह से वैश्विक कहा जाता है जो निश्चित ही भारतीय मीडिया के मुकाबले बहुत अधिक जनतांत्रिक, स्वतंत्र और निष्पक्ष है। भारत का मीडिया विपक्ष की बातों को जहां स्थान नहीं देता वहीं अमेरिकी या लोकतांत्रिक रूप से परिपक्व किसी भी देश का मीडिया सरकार की बजाय प्रतिपक्ष को तरजीह देता है।

## हिन्दी विरोध की संकीर्ण राजनीति के दंश

**-ललित गर्ग-**

हिंदी को लेकर तमिलनाडु की राजनीति का आक्रामक होना कोई नयी बात नहीं है लेकिन तमिलनाडु के बाद महाराष्ट्र में हिंदी का विरोध यही बताता है कि संकीर्ण राजनीतिक कारणों से किस तरह भाषा को हथियार बनाया जा रहा है। विभिन्न राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी एवं केन्द्र सरकार को घेरने के लिये जिस तरह भाषा, धर्म एवं जातियता को लेकर आक्रामक रवैया अपनाते हुए देश में अशांति, अराजकता एवं नफरत को फैला रहे रहे हैं, यह चिन्ताजनक है। महाराष्ट्र में हिन्दी का विरोध आश्चर्यकारी है। हिन्दी दुनिया का तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा बनने की ओर अग्रसर है। हिन्दी विदेशों में सम्मान पा रहे हैं और अपने ही देश में उपेक्षा एवं विवाद का शिकार बन रही है। महाराष्ट्र और अन्य गैर हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी की स्वीकार्यता इसलिए बढ़ रही है, क्योंकि उसकी उपयोगिता सिद्ध हो रही है। हिंदी का मराठी या अन्य किसी भाषा से कोई झगड़ा नहीं। क्या यह विचित्र नहीं कि हिंदी का विरोध उस महाराष्ट्र में हो रहा है, जिसकी राजधानी हिंदी फिल्म उद्योग का गढ़ है? हिंदी फिल्म उद्योग ने मुंबई को न केवल प्रतिष्ठित किया है, बल्कि महाराष्ट्र के लोगों को लाभान्वित भी किया है। क्या राज ठाकरे, उद्धव ठाकरे आदि हिंदी फिल्म उद्योग का भी विरोध करेंगे? ऐसा करके वे अपने राज्य के लोगों के पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का ही काम करेंगे। यह किसी से छिपा नहीं कि हिंदी विरोध के नाम पर लोगों की भावनाएं भड़काने का काम अपना राजनीतिक उल्लू सीधा करने के लिए किया जाता है। यह और कुछ नहीं, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को कमजोर करने और लोगों में वैमनस्य पैदा करने वाली क्षुद्र राजनीति है।



त्रिभाषा फामूर्ले में केन्द्र सरकार चाहती है कि भारत में प्रत्येक छात्र को तीन भाषाएँ सीखनी चाहिए, जिनमें से दो मूल भारतीय भाषाएँ होनी चाहिए, जिसमें एक क्षेत्रीय भाषा शामिल होनी चाहिए और तीसरी अंग्रेजी होनी चाहिए। यह सूत्र सरकारी और निजी दोनों स्कूलों पर लागू होता है और शिक्षा का माध्यम तीनों भाषाओं में से कोई भी हो सकता है। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के त्रिभाषा फामूर्ले के तहत मराठी और अंग्रेजी के साथ हिंदी को पढ़ाए जाने के महाराष्ट्र सरकार के निर्णय पर विपक्षी दलों की राजनीतिक आक्रामकता का कारण वोट की राजनीति एवं भाजपा के बढ़ते वर्चस्व को विराम लगाने की स्वार्थी मानसिकता है। त्रिभाषा फामूर्ले पर सबसे पहले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के राज ठाकरे ने आपत्ति उठाई। यह वही राज ठाकरे हैं, जो हिन्दुत्व का झंडा हाथ में लेकर स्व-संस्कृति की वकालत करते रहे हैं। इस पर हैरानी नहीं कि उद्धव ठाकरे भी राज ठाकरे के सुर में सुर मिला रहे हैं। उनकी शिवसेना ने एक समय दक्षिण भारतीयों को मुंबई से भगाने का अभियान छेड़ा था, फिर उसके निशाने पर उत्तर भारतीय आ गए थे। हैरानी इस बात की है कि शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता भी त्रिभाषा फामूर्ले के तहत हिंदी पढ़ाए जाने का विरोध कर रहे हैं और इसके पीछे साजिश देख रहे हैं। अच्छा होता कि मराठी अस्मिता की रक्षा के बहाने हिंदी को निशाने पर ले रहे ये नेता यह बताते कि तीसरी भाषा के रूप में हिंदी का विरोध करने के क्या कारण है? केवल मोदी सरकार ने इसे प्रस्तुत किया है, इस कारण इसका विरोध मानसिक दिवालियापन का द्योतक है।

तीसरी भाषा के रूप में हिंदी का चयन इसलिए सर्वथा उपयुक्त है, क्योंकि एक तो वह आधिकारिक राजभाषा एवं सबसे प्रभावी संपर्क भाषा है और दूसरे, महाराष्ट्र में बड़ी संख्या में हिंदी बोलने-समझने वाले हैं। ये वे लोग हैं, जो काम-धंधे के सिलसिले में महाराष्ट्र गए और फिर वहीं बस गए। इन्होंने महाराष्ट्र के विकास में योगदान भी दिया है। इसकी अनदेखी करते हुए हिंदी का विरोध करना एक तरह का नस्लवाद ही है, एक तरह की संकीर्ण एवं स्वार्थी मानसिकता है। संचार और सूचना क्रांति तथा तेज आवागमन के चलते भाषायी स्तर पर तमिलनाडु एवं महाराष्ट्र आदि गैर हिन्दी भाषी राज्यों की स्थिति तीन-चार दशक पहले जैसी नहीं है। वहां हिंदी बोलने वालों की संख्या भले कम हो, पर उसे समझने और हिंदी में आने वाले सवालों का जवाब देने वालों की तादाद बढ़ी है। चाहे तमिलनाडु का निवासी हो या फिर महाराष्ट्र या फिर गैर हिन्दी भाषी राज्य का, उसके हाथ में यदि फोन है, उसमें इंटरनेट का कनेक्शन है, तो तय है कि उसकी अंगुलियों के नियंत्रण में हिंदी और अंग्रेजी ही नहीं, दुनियाभर की भाषाएं हैं, इसलिए हिंदी ही नहीं, किसी भी भाषा का विरोध अब दुनिया के किसी भी कोने में पूरी तरह न तो सफल हो सकता है और न ही कोई दीवार उसे रोक सकती है। फिर हिन्दी तो हिन्दुस्तान की अस्मिता एवं अस्तित्व से जुड़ी भाषा है। दुनिया में जहां कहीं भी लोग अन्यत्र जाकर बसते हैं, वे अपने साथ अपनी संस्कृति और भाषा भी ले जाते हैं। यदि कोई यह चाहता है कि ऐसा न हो तो ऐसा होने वाला नहीं है। महाराष्ट्र के विपक्षी दल इसका विरोध कर रहे हैं, तमिलनाडू में इसके रोकने के प्रयास हो रहे हैं, वहीं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने एक अलग नजरिया दिया। उन्होंने हिंदी सहित कई भाषाओं की शिक्षा की वकालत की है। नायडू ने कहा कि भाषा केवल संचार का एक साधन है। आप सभी जानते हैं कि तेलुगु, कन्नड़, तमिल और अन्य भाषाएं विश्व स्तर पर चमक रही हैं। नॉलेज अलग है, भाषा अलग है। हिंदी भी देश में कम्युनिकेशन लैंग्वेज के तौर पर जरूरी है।

हिन्दी हमारी मातृभाषा के साथ-साथ राजभाषा होने के बावजूद उसको उचित सम्मान न मिलना या हिन्दी के नाम पर विध्वसंक राजनीति होना अनेक प्रश्नों को खड़ा करती है, सर्वाधिक वैज्ञानिक भाषा भी हिन्दी ही है। गूगल के अनुसार हिन्दी दुनिया की ऐसी भाषा है जिसमें सर्वाधिक कंटेंट (पाठ्य सामग्री) का निर्माण होता है। सर आइजेक पिटमैन ने कहा है कि संसार में यदि कोई सर्वांग पूर्ण लिपि है तो वह देवनागरी है। निश्चित ही सशक्त भारत-विकसित भारत निर्माण एवं प्रभावी शिक्षा के लिए हिन्दी में शिक्षा की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। तथ्य यह भी है कि उत्तर भारत के अलावा देश के अन्य राज्यों से जो राजनेता प्रधानमंत्री बने, उन्होंने कभी हिंदी का विरोध नहीं किया। दक्षिण भारत से पहले प्रधानमंत्री बने पी वी नरसिंह राव धाराप्रवाह हिंदी बोलते थे।

# नूरपुर नगर परिषद की एक बैठक आज नए अतिरिक्त वरिष्ठ कार्यकारी प्रशासनिक अधिकारी की शिरकत में संपन्न हुई

**दिव्य दिल्ली : विनय महाजन (नूरपुर नगर )**

नूरपुर नगर परिषद की बैठक अतिरिक्त वरिष्ठ कार्यकारी प्रशासनिक अधिकारी आरएस वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई ' इस नगर परिषद की बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष अशोक कुमार और शिबू ने शहर के सभी वार्ड पार्षदों की समस्याओं को नगर परिषद के प्रशासनिक अधिकारी के समक्ष रखा' बैठक में शहर के सभी नगर पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में सफाई व्यवस्था व अन्य परिषद की जनहित समस्याओं को आज की बैठक में रखकर प्रशासनिक अधिकारी से आग्रह किया कि इस पर जनहित मे गौर किया जाए ताकि शहर वासियो की समस्या का समाधान हो सके ' बैठक के समापन के बाद नगर परिषद अध्यक्ष अशोक कुमार उर्फ शिबू ने एक भेंट वार्ता मे 5 साल में नगर परिषद में जो



विकास कार्य हुए हैं उस पर खुलकर वोले और कहा कि जो विकास कार्य शहर में करवाए गए हैं उनको आने वाले परिषद के चुनाव में मुद्दा बनाया जाएगा' सांसद और विधायक द्वारा नगर परिषद को वित्तीय मदद दी गई है।

इस अवसर पर मौजूद अतिरिक्त वरिष्ठ कार्यकारी प्रशासनिक अधिकारी आर एस वर्मा ने भी एक भेट वार्ता में एक प्रश्न के जवाव मे कहा कि शहर में आवारा पशुओं की निजात के लिए तुरंत सख्त कदम उठाए जाएंगे ' उन्होंने कहा कि बैठक में यह मुद्दा नहीं उठा आपके माध्यम से यह मुद्दा आया है इस पर परिषद गौर करेगी'' उन्होंने कहा कि परिषद में वित्तीय धन की कोई कमी नहीं है' मौजूद सरकार के 2 साल में काफी वित्तीय राशि परिषद के विकास के लिए विभिन्न हैडो में आई है और उन पैसों से परिषद का विकास हुआ है।

## बीएमओ कार्यालय को सब डिवीजन मुख्यालय जवाली में स्थानांतरित करने की मांग जोर पकड़ने लगी

**दिव्या दिल्ली - दोलत चौहान (जवाली)**

स्वास्थ्य विभाग के तहत बीएमओ कार्यालय नगरोटा सूरियां को सब डिवीजन मुख्यालय जवाली में स्थानांतरित करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इस मांग को लेकर क्षेत्र के पंचायत प्रधानों व जनप्रतिनिधियों ने एक सुर में आवाज उठाई है।पंचायत प्रधान रघुबीर भाटिया, अश्वनी चौधरी, शिव कुमार, प्रेम सिंह, लेख राज, सुशील कुमार व जीवन लाल सहित कई अन्य प्रतिनिधियों ने बताया कि प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर बीएमओ कार्यालय सब डिवीजन मुख्यालय में स्थित हैं, लेकिन जवाली उपमंडल में यह कार्यालय नगरोटा सुरियां जैसे कोने में संचालित किया जा रहा है।

जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जवाली व आसपास की पंचायतों के लोगों को बीएमओ कार्यालय से संबंधित कामों के लिए करीब 30 किलोमीटर की दूरी तय कर नगरोटा सुरियां जाना पड़ता है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## न्यूज फ्लैश

### लीडरशिप कैंप में देहरी के एनसीसी कैडेट्स का शानदार प्रदर्शन

**दिव्य दिल्ली : दौलत चौहान (ज्वाली कांगडा)**



पंजाब के मलोट में आयोजित बेसिक एनसीसी लीडरशिप कैंप में वजीर राम सिंह गवर्नमेंट कॉलेज देहरी के चार एनसीसी कैडेट्स ने इस श्रेणी में पदक जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया। एमपी में ग्रुप ने ड्रिल, ग्रुप टास्क और अनुशासन आदि गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन किया।एसोसिएट एनसीसी अधिकारी डॉ. शशि कुमार ने बताया कि इस कैंप का उद्देश्य कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, अनुशासन और शारीरिक दक्षता का विकास करना था।इस कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शिमला ग्रुप को सर्वश्रेष्ठ ग्रुप घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि इन कैडेट्स की सफलता ने न केवल कॉलेज की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी भविष्य में इस प्रकार के उपयोगी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया है। फोटो कैप्शनलीडरशिप कैंप में देहरी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ट्रॉफी के साथ

### बिजली महादेव रोपवे का पहले भी था और अभी भी है विरोध - महेश्वर सिंह

**दिव्य दिल्ली : प्रिया शर्मा (कुल्लू)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट 274 करोड रुपए की लागत से बनने वाले बिजली महादेव रोपवे के सिविल वर्क का भूमि पूजन हुआ है। इस दौरान महेश्वर सिंह भी वहां पर मौजूद थे । इसके बाद उनकी कुछ फोटो तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हो गई। इसमें यह दावा किया जा रहा है कि वह भूमि पूजन के हिस्सा बने और पूजा अर्चना की। वायरल फोटो को लेकर देर शाम इसके बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए भगवान रघुनाथ के छड़ीबरदार महेश्वर सिंह ने कहा कि वह पहले भी बिजली महादेव रोपवे के विरुद्ध थे और अभी भी वह है और इसके खिलाफ रहेंगे। उन्होंने कहा कि कंपनी की ओर से उन्हें आज निमंत्रण दिया गया था। साथ ही सांसद कंगना को भी बुलाया गया था। ऐसे में वह वहां पर कंपनी के अधिकारियों से बात करने और बिजली महादेव में लग रहे रोपवे के प्रति अपना विरोध जताने के लिए वहां पर गए थे। लेकिन सोशल मीडिया में जो उनके भूमि पूजन करने की बात कही जा रही है वह बिल्कुल गलत है। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि बिजली महादेव ने पहले भी देववाणी में रोपवे को न लगाए जाने की बात कही थी। ऐसे में देव संस्कृति से जुड़े होने के चलते उन्होंने इस प्रोजेक्ट का पहले भी विरोध किया था और आज भी उनका यह विरोध जारी है। सोशल मीडिया में उनके खिलाफ भ्रामक खबरे चलाई जा रही है। जिसकी कोई सत्यता नही है। इस मामले पर बिजली महादेव के कारदार विनेंद्र जंबाल ने कहा कि वह लोग बिजली महादेव रोपवे के विरोध में है। पहले भी दो बार में दिल्ली जाकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर चुके है। उस दौरान भी महेश्वर सिंह उनके साथ थे ऐसे में आज जो यह बात सामने आ रही है कि उन्होंने भूमि पूजन किया वह सरासर गलत है। वही मंदिर कमेटी के सचिव जोगिंदर शर्मा ने कहा कि वह मरते दम तक बिजली महादेव रोपवे का विरोध करते रहेंगे। आज भी वह महेश्वर सिंह के साथ विरोध दर्ज करने ही गए थे । लेकिन सोशल मीडिया में जानकारी गलत साझा की जा रही है उन्होंने कहा कि रोपवे का विरोध तब तक रहेगा जब तक रोपवे नंगी धार से बाहर नहीं लगाया जाएगा।

### बिजली विभाग का लगा ट्रासफार्मर ओर खुला जंक्शन बॉक्स हादसों को दे रहा है न्यौता

**दिव्या दिल्ली - दोलत चौहान (ऊना/कुटलैहड़)**

जिला ऊना के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अधीन आती पंचायत बोहरु में बिजली विभाग का लगा ट्रासफार्मर ओर खुला जंक्शन बॉक्स हादसों को दे रहा है न्यौता ये बात पंचायत प्रधान पूनम कुमारी के साथ साथ स्तानीय निवासियों ने भी कही। उनका ये कहना है कि बार बार विभाग को इस परेशानी से अवगत करवाया गया है लेकिन आज दिनतक कोई भी करवाई इस ट्रासफार्मर को लेकर विभाग की ओर से नही की गई है उंन्होने बताया कि थोड़ी बारिश होने के चलते सारा पानी ट्रासफार्मर ओर जंक्शन बोर्ड में भर जाता है उंन्होने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ साल पहले इसी के कारण एक भेस करंट की चपेट में आ गई थी और उसकी मौत हो गई थी। वही लोगो ने बताया कि ये ट्रासफार्मर पंचायत घर के बिल्कुल सामने है और वही से प्राइमरी स्कूल के लिए रास्ता जाता है छोटे छोटे बच्चे एक्सर वहां से गुजरते है जिस कारण कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है लोगो ने जिला प्रशासन व बिजली विभाग से मांग की है कि इस ट्रासफार्मर को थोड़ा और ऊपर कर के लगाया जाए,ताकि को अनहोनी ना हो सके।

## अधिकारियों के साथ मारपीट ये तो कॉंग्रेस राज में ही सम्भव है: बलवीर



**दिव्य दिल्ली : पंकज कतना (ऊना)**

पूर्व बीजेपी जिला अध्यक्ष व चिन्तपूर्णी के पूर्व विधायक बलवीर चौधरी ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा की कुछ लोग अपना आपा खो बैठे है और जो वादे कर के जनता के साथ कांग्रेस सत्ता में आई थी, वो वादे ओर इरादे साफ दिख रहे है यह बात आज उंन्होने पत्रकारो को सम्बोधित करते हुए जिला ऊना के अम्ब उपमंडल में स्थित बीजेपी कार्यालय में कही,उंन्होने कहा कि अधिकारियों के साथ मार पीट ये कांग्रेस पार्टी की सत्ता में आम हो चुका है उंन्होने कहा कि प्रशासन भी वहां मौजूद था लेकिन नेता के खौफ ने उन्हें मूकदर्शक बना दिया। अब एफआईआर दर्ज हो चुकी है हम मांग करते है कि इन लोगो के खिलाफ सख्त से सख्त करवाई की जाए।ताकि लोगो का विश्वास कंनूनी प्रक्रिया पर बरकरार रहे ।उंन्होने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह से ठप है कही वही विकास के नाम पर एक ईंट तक इन से लगाई नही गई और उद्घघाटन बीजेपी के समय के कामो का कर अपनी पीठ थपथपा रहे है।

## राजीव बिंदल के प्रदेश भाजपा के तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष बनने पर ज्वाली के जिला परिषद सदस्य ने बांटी मिठाई

**दिव्य दिल्ली : ऊषा जरियाल (ज्वाली)**



भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल के बनने पर ज्वाली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकताओं ब युवाओं में खासा उत्साह है। इस अवसर पर प्रदेश युवा मोर्चा कार्यसमिति सदस्य ब जिला परिषद सदस्य लक्ष्य ठाकुर की अध्यक्षा में ज्वाली में लड्डू बांट कर खुशी का इजहार किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश युवा मोर्चा कार्यसमिति सदस्य ब जिला परिषद सदस्य लक्ष्य ठाकुर ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल को दिल से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। तथा उन्होंने कहा की डॉ राजीव बिंदल जी ऐसे व्यक्ति हैं जो कभी थकते नहीं अपने लक्ष्य को पाने के लिए हमेश तत्पर रहते हैं तथा उन्हें पूर्ण विश्वास है की 2027 के चुनावो में एक नया इतिहास रचेंगे। बही उन्होंने कहा की ज्वाली विधानसभा क्षेत्र में ज्वाली की जनता ने पूरा मन बना लिया है कि इस बार पूर्व विधायक ठाकुर अर्जुन सिंह को ही विधायक बना कर शिमला पहुंचाना है।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राकेश बाजवा, पूर्व ज्वाली भाजपा मंडल अध्यक्ष, उत्तम धीमान,पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित शर्मा, संदीप चीमा,पूर्व ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष मलकीत डंडोच, पूर्व ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री दिनेश निखिल, भूलूं पंचायत उपप्रधान कवि ठाकुर, अंकुर भडवाल, रिशु शर्मा, हरसर पंचायत प्रधान कमल चौधरी,सर्वेश कुटलैहड़ीया आदि काफी संख्या में मौजूद रहे।

## ज्वाली के पूर्व विधायक ने जेपी नड्डा के उनके पूजनीय पिता को 100वें जन्मदिन की दी दिल से हार्दिक शुभकामनाएं

**दिव्य दिल्ली : ऊषा जरियाल (ज्वाली)**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के पूजनीय पिता डॉ नारायण लाल नड्डा के 100बे जन्मदिन के उपलक्ष्य पर आज ज्वाली के पूर्व विधायक एवं संगठनात्मक जिला नूरपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर अर्जुन सिंह ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा जी ब उनके पिता को दिल से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। तथा उन्होंने कहा बह हमेशा उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राकेश बाजवा, पूर्व ज्वाली भाजपा मंडल अध्यक्ष, उत्तम धीमान,पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित शर्मा, संदीप चीमा,पूर्व ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष मलकीत डंडोच, पूर्व ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री दिनेश निखिल, भूलूं पंचायत उपप्रधान कवि ठाकुर, अंकुर भडवाल, रिशु शर्मा, हरसर पंचायत प्रधान कमल चौधरी,सर्वेश कुटलैहड़ीया आदि काफी संख्या में मौजूद रहे। कमल चौधरी,सर्वेश कुटलैहड़ीया आदि काफी संख्या में मौजूद रहे।

### एक वृक्ष मां के नाम के तहत किया गया वृक्षारोपण भाजपा नेता हुए शामिल

**बाराबंकी।** हरख ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत पंडरा के पहाडापुर गांव के पंचायत भवन में गुरुवार करीब 10 बजे एक वृक्ष मां के नाम के तहत कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजेश कुमार रावत मौजूद रहे कार्यक्रम में भाजपा कार्यकताओं के द्वारा पंचायत भवन में वृक्षारोपण किया गया एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा बृजेश कुमार रावत ने कहा कि सभी को एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए एवं जो सरकार की मंशा है की संतान के जन्म के उपलक्ष में हर व्यक्ति को एक पेड़ लगाना चाहिए जिससे प्रकृति और प्रदूषण भी कम होगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष बृजेश

## आज धरने के 22बें दिन महिलाओं ने संभाला मोर्चा



**दिव्य दिल्ली : प्रेम स्वरूप शर्मा (नगरोटा सूरियां)**

**विकास** खंड बचाओ संघर्ष समिति के धरने के 22बें दिन क महिला मंडल कोटकरी कथोली की महिलाओं ने चार घंटे का सांकेतिक धरना दिया तथा सरकार को चेताया कि यदि विकास खंड को ज्वाली शिफ्ट किया जाता है तो महिलाएं भी सड़कों पर उतरेंगी तथा क्रमिक धरना पर बैठना शुरू कर देंगी, इस मोके पर महिला मण्डल कोटघर कथोली की प्रधान रानो देवी, मोनिका सरोज, संतोष कुमारी, रेखा देवी, वीना देवी, सरोज पाठनिआ, सुदेश कुमारी ने हिस्सा लिया इनके साथ धरने के 22बें दिन कथोली पंचायत के वरिष्ठ नागरिक गुरुबचन सिंह, पवन तलवाड़, दिलबाग सिंह, कुलदीप सिँह, मेहर चंद धरने पर बैठे, उधर संघर्ष समिति के सयोंजक संजय महाजन ने बताया कि बहुत से अपंग तथा नेत्रहीन व्यक्तियों ने भी उनसे सम्पर्क कर धरने पर बैठने की अपनी इच्छा जताई है, उन्होंने कहा कि मंत्री महोदय जिस तरह से सार्वजनिक मंचों से व्यक्तिगत गाली गलोच पर उतर रहे हैं, उससे जाहिर होता है कि वह चोतरफा विरोध तथा जनआक्रोश को देखते हुए बोखला गए हैं तथा वह अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे है, मंत्री जी इस आंदोलन को सरकारी तंत्र का दुरूपयोग करके जनता का दमन करने पर उतारू हैं, जिस तरह मंत्री जी ने सार्वजनिक मंच से प्रशासन को धारा 144 लगा कर शांतिपूर्ण चल रहे धरने को जबरदस्ती उठाने के आदेश दिए, उससे लगता हैकि मंत्री जी किसी भी कीमत पर ग्रामीणों की जनभावनाओं को कुचल कर ब्लॉक को शिफ्ट करना चाह रहे है, उधर पिछले कल स्थानीय कांग्रेस के पदाधिकारिओ ने भी एक मत से ब्लॉक को शिफ्ट करने के मामले पर अपना बिरोध जताया है, जिससे लगता है की मंत्री जी की बांटो और करो की नीति भी फेल हो गयी है, इस मोके पर गुरचरण सिंह बेदी, जसवंत सिंह, रिम्पल कुमारी, प्रधान खब्बल, रजनी महाजन, प्रधान, अशोक कुमार, सुशील भंडारी भी उपस्थित थे

## सुधांशु मित्तल फिर केकेएफआई के अध्यक्ष चुने गए, उपकार सिंह विर्क नए सचिव

**दिव्य दिल्ली:** भाजपा नेता सुधांशु मित्तल बुधवार को फिर भारतीय खो खो महासंघ (केकेएफआई) के अध्यक्ष चुने गए जबकि उपकार सिंह विर्क इसके नए सचिव बने। केकेएफआई की बैठक में हुए चुनाव की देखरेख सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश और निर्वाचन अधिकारी कामिनी लाउ ने की।महाराष्ट्र खो खो संघ के गोविंद शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया।पंजाब खो खो संघ के विर्क पिछली संचालन संस्था में संयुक्त सचिव थे जबकि शर्मा कार्यकारी



सदस्य थे।खो खो की संचालन संस्था में आठ उपाध्यक्ष और चार संयुक्त सचिव शामिल रहे घोषणा के बाद मित्तल ने कहा, ह्यह्यफिर से भारतीय खो खो महासंघ के नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपा जाना सम्मान की बात है। पूर्व भाजपा सांसद मित्तल ने यह भी कहा कि खो खो जैसे पारंपरिक खेलों को एशियाई खेलों और ओलंपिक जैसे टूनामेंट का हिस्सा होना चाहिए।उन्होंने कहा, ह्यह्यअब 58 देश खो खो खेल रहे हैं और हमारी कोशिश इस साल इसे 90 देशों तक ले जाना है। मित्तल अंतरराष्ट्रीय खो खो महासंघ के अध्यक्ष भी हैं।

## ज़िला युवा कॉंग्रेस ने किया पौधारोपण

**दिव्य दिल्ली : अमरप्रीत सिंह (सोलन)**



ज़िला सोलन युवा कॉंग्रेस के द्वारा ज़िला अध्यक्ष सचिन कश्यप की अगुवाई में ग्राम पंचायत सनोहल मे पौधारोपण किया गया जिसमें वन में लगभग 150 पौधे लगाए गए इस अवसर पर ज़िला अध्यक्ष सचिन कश्यप ने कहा कि युवा कॉंग्रेस एक राजनीतिक संगठन है लेकिन समय समय पर युवा कॉंग्रेस इस प्रकार के सामाजिक और पुनीत कार्य करती आयी है और भविष्य में भी करती रहेगी सोलन विधानसभा अध्यक्ष सुशील कोडल ने कहा कि पर्यावरण का स्वस्थ और साफ होना अति आवश्यक है और इसके लिए युवाओं को जागरूक होने की आवश्यकता है इस मौके पर ज़िला उपाध्यक्ष दीपक तनवर कसौली विधानसभा के अध्यक्ष साहिल आत्रे, सोलन ब्लॉक यूंका अध्यक्ष हितेश ठाकुर कण्डाघाट ब्लॉक अध्यक्ष पुरुषोत्तम, वैभव कश्यप, पूर्व जिलाध्यक्ष अमित ठाकुर, जय प्रकाश जेडी शामती पंचायत के उप प्रधान राकेश मेहता, सोलन विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष अंकुर ठाकुर ठरवकज़िला अध्यक्ष कुशाग्र ठाकुर, विशाल शर्मा विवेक शर्मा, अजय गौतम, आदि के साथ लगभग 60 युवा शामिल रहे

## उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने को विलिंग में स्थापित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी केंद्र का निरीक्षण किया

**दिव्य दिल्ली : रंजीत (केलांग )**

इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी आकांक्षा शर्मा, वन मंडल अधिकारी अनिकेत मारुति वानवे तथा खंड विकास अधिकारी डॉ. विवेक गुलड़िया भी उनके साथ उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने केंद्र में एकत्रित प्लास्टिक कचरे का रचनात्मक उपयोग करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि इस प्लास्टिक वेस्ट का उपयोग MRF भवन की



दीवारों, बाउंड्री और परिसर की सौंदर्यता बढ़ाने के लिए किया जाए, जिससे यह केंद्र न केवल स्वच्छता का प्रतीक बने बल्कि पर्यावरणीय जागरूकता का एक आदर्श उदाहरण भी प्रस्तुत करे। इसके साथ ही, उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि MRF केंद्र तक पहुँचने वाले संपर्क मार्ग को शीघ्रता से पक्का किया जाए, ताकि वर्ष भर किसी भी मौसम में वहां सुगमता से पहुँचा जा सके।निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने विलिंग से आगे उस स्थल का भी दौरा किया, जहां से लेडी ऑफ केलांग की सुंदर छवि स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है।

उन्होंने वहां पर प्लास्टिक वेस्ट का कलात्मक उपयोग करते हुए एक आकर्षक सेल्फी प्वाइंट विकसित करने के निर्देश दिए। यह सेल्फी प्वाइंट न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेगा, बल्कि स्वच्छता और अपशिष्ट पुनः उपयोग का भी एक संदेश देगा।

### कब और कैसे शुरू हुआ था

# रिया चक्रवर्ती

## का फिल्मी करियर? सुशांत सिंह राजपूत के बाद किसे कर रही हैं डेट?



2020 में बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत का निधन हो गया था. उस समय खबर सामने आई थी कि उनका रिलेशनशिप रिया चक्रवर्ती के साथ था. बाद में सुशांत डेथ केस सीबीआई को गया और फिर नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पास ये केस गया जिसमें की सेलेब्स के नाम सामने आए. उसी दौरान रिया के बारे में अलग-अलग खबरें आईं, जबकि इसके कई साल पहले रिया फिल्मों में एक्टिव थी फिर भी उनके चर्चे शायद ही आपने सुने होंगे. 1 जुलाई 1992 को रिया चक्रवर्ती का जन्म बैंगलुरू में एक बंगाली परिवार में हुआ. आज वो अपना 33वां बर्थडे मना रही हैं.रिया के पिता इंडियन आर्मी में लैफ्टिनेंट कर्नल के तौर पर काम करते थे. रिया ने आर्मी पब्लिक स्कूल से पढ़ाई की है और आगे की पढ़ाई आगरा के सेंट क्लेर कॉन्वेंट स्कूल से की. रिया शुरू से मॉडलिंग में एक्टिव रही हैं और पहली बार वो 2009 में एमटीवी इंडिया के टीवीएस स्कूटी टीन डिवा में फर्स्ट रनरअप बनी थीं. इसके बाद एमटीवी दिल्ली में इन्होंने बतौर वीजे भी काम किया है. रिया चक्रवर्ती का करियर और लव लाइफ में आजकल क्या हो रहा है, आइए बताते हैं.



**रिया चक्रवर्ती की डेब्यू फिल्म कौन सी थी ?**

2012 में रिलीज हुई तेलुगू फिल्म तुनीगा तुनीगा से रिया चक्रवर्ती ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी. वहीं 2013 में इनकी पहली बॉलीवुड फिल्म मेरे डैड की मारूति रिलीज हुई थी. 2014 में रिया की फिल्म सोनाली केबल आई जिसमें इन्होंने बतौर लीड एक्ट्रेस काम किया था. रिया ने 'बैंक चोर' और 'हाफ गर्लफ्रेंड' जैसी फिल्मों में अपियरेंस भी दिया है. 2023 में रिया ने एमटीवी रोडीज में गैंग लीडर के तौर पर काम किया था और ये सीजन काफी फेमस हुआ था. सुशांत सिंह केस के बाद रिया के हाथ से कई प्रोजेक्ट्स गए थे जिसके बारे में उन्होंने एक पॉडकास्ट में बताया था लेकिन फिर भी उनके पास कुछ साउथ की फिल्में थीं जो बाद में रिलीज भी हुईं.

**रिया चक्रवर्ती की लव लाइफ कैसी रही ?**

रिया चक्रवर्ती ने बताया था कि वो 2019 में सुशांत के साथ रिश्ते में आईं थीं. सुशांत और अपने भाई शॉविक चक्रवर्ती के साथ रिया ने एक एआई कंपनी शुरू की थी जो बाद में बंद हो गई थी. सुशांत के साथ रिया लिव-इन में भी रहीं और सुशांत के लास्ट टाइम तक रिया उनके साथ थीं. आज भी सुशांत के बर्थडे और डेथ एनिवर्सरी पर रिया उन्हें याद करती हैं और इंस्टाग्राम पर पोस्ट भी शेयर करती हैं.

सुशांत की डेथ के बाद रिया पर कई आरोप लगे थे और वो कुछ दिन जेल में भी रहीं. बाद में रिया चक्रवर्ती के अफेयर के किस्से बिजनेसमैन निखिल कामथ के साथ भी सुनने में आए लेकिन रिया ने इन बातों को सिर्फ अफवाह मात्र बताया.

## शाहरुख खान-अनिल कपूर ने देखा 'तन्वी द ग्रेट' का ट्रेलर, अनुपम खेर की जमकर की तारीफ



दिग्गज एक्टर अनुपम खेर अपनी अपकमिंग फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर लगातार सुर्खियों में छाए हुए हैं. इस फिल्म के चर्चे देश-विदेश में हो रहे हैं. इतना ही नहीं अनुपम खेर के लिए ये फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि उन्होंने 22 साल बाद एक बार फिर से डायरेक्शन की कमान अपने हाथों में ली है. मेकर्स फिल्म के कई पोस्टर्स और ट्रेलर रिलीज कर चुके हैं. 'तन्वी द ग्रेट' के ट्रेलर को दर्शकों और तमाम सितारों का खूब प्यार मिला है. वहीं अब सुपरस्टार शाहरुख खान ने भी अपने दोस्त अनुपम और उनकी फिल्म को लेकर पोस्ट शेयर किया है.शाहरुख खान और अनुपम खेर की दोस्ती कई साल पुरानी है. दोनों ने कई फिल्मों में काम किया है. दोनों सितारों की जोड़ी को साथ में देखना दर्शकों को काफी पसंद है. ऐसे में अपने दोस्त के लिए सुपरस्टार ने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, जिन्होंने हमेशा जोखिम उठाया हैचाहे वह एक्टिंग हो, फिल्ममेकिंग हो या लाइफ!!'तन्वी द ग्रेट' का ट्रेलर बहुत बढ़िया लग रहा है. इस सफर के लिए शुभकामनाएं!!

अनिल कपूर ने भी एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, कुछ कहानियां स्क्रीन के फेड हो जाने के बाद भी आपके साथ रहती हैंज्ञ TanviTheGreat उनमें से एक है. अभी ट्रेलर देखा ङ्क यह शक्तिशाली, दिल को छूने वाला और बहुत इंस्पायरिंग है, इस प्रेम के श्रम की सफलता के लिए मेरी सारी प्रार्थनाएं और शुभकामनाएं. इसे मिस न करें. वहीं अनुपम ने भी शाहरुख-अनिल के पोस्ट को अपनी इंस्टा स्टोरी में शेयर करते हुए उन्हें थैंक्स कहा है.

**'तन्वी द ग्रेट' का दमदार ट्रेलर**

30 जून को जब 'तन्वी द ग्रेट' के ट्रेलर से पर्दा उठाया गया, तो हर तरफ इसकी चर्चा शुरू हो गई. फिल्म के ट्रेलर को शेयर करते हुए अनुपम खेर ने एक्स पर लिखा, तन्वी द ग्रेट ट्रेलर: एक ऐसी दुनिया में, जिसने उसे अलग नजरिए से देखा, वो उस रोशनी के साथ चमकती रही, जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है. उसकी मुस्कान उम्मीद जगाती है, उसका दिल साहस पैदा करता है. उसका सफर हम सबको प्रेरित करता है. वो आप सबसे मिलने आई. वो है तन्वी द ग्रेट.

## 'रामायण' के सेट पर 'राम' बने Ranbir Kapoor हुए इमोशनल, 'लक्ष्मण' को लगाया गले, बोले- अंत में...



रणबीर कपूर अपनी अपकमिंग फिल्मों के लिए काफी तैयारियां कर रहे हैं. 'एनिमल' के बाद से ही जिस पिक्चर का काम निपटा रहे हैं, वो Ramayan है. यूं तो उसकी रिलीज से पहले वो संजय लीला भंसाली की पिक्चर में दिखेंगे. पर 'रामायण' का पहला पार्ट दिवाली 2026 में आएगा. वहीं दूसरा 2027 में. इसी बीच एक्टर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. जहां पूरी टीम के साथ वो खड़े हैं और कुछ बोलते हुए इमोशनल हो जाते हैं.दरअसल ङ्ग पर रणबीर कपूर के फैन अकाउंट की तरफ से एक वीडियो शेयर किया गया है. इस पर लिखा है- रामायण लाइव एक्शन, शूटिंग खत्म. वीडियो में नीतेश तिवारी भी नजर आ रहे हैं. वहीं सेट पर रणबीर कपूर के साथ रवि दुबे भी मौजूद थे.

**'राम' ने 'लक्ष्मण' को लगाया गले**

रणबीर कपूर ने 'रामायण' की टीम और वहां मौजूद डायरेक्टर और स्टार्स की तारीफ की. साथ ही कहते दिखे कि- अंत में यह मुश्किल है, लेकिन आगे भी काम करेंगे. वहीं रणबीर कपूर थोड़े मायूस दिख रहे थे. लंबे वक्त तक शूटिंग करने बाद आखिर दिन पर भावुक होते नजर आए. दरअसल फिल्म रामायण पार्ट 1 का काम खत्म हो चुका है. वहीं उनके बाद रवि दुबे भी अपना एक्सपीरियंस शेयर करते दिखाई दिए. सबके बोलने के बाद सेट पर केक कटिंग हुई और आखिर में रणबीर कपूर ने रवि दुबे को गले लगाया. दोनों का यह वीडियो से तेजी से वायरल हो रहा है.

दरअसल रवि दुबे फिल्म में लक्ष्मण का किरदार निभाते नजर आएंगे. यूं नीतेश तिवारी की फिल्म का अबतक कोई पोस्टर रिलीज नहीं किया गया है. सिर्फ रिलीज डेट सामने आई थी. पर जल्द फैन्स को बड़ा सरप्राइज मिलने वाला है. रिपोर्ट्स से पता लगा है कि फिल्म का लोगो 3 जुलाई को दिखाया जाने वाला है. यहां तक कि फिल्म का टीजर भी बनकर तैयार हो चुका है. हालांकि, 3 मिनट का टीजर कब लाया जाएगा, इसकी फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है.

**835 करोड़ है फिल्म का बजट**

जहां फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम बन रहे हैं, तो वहीं साई पल्लवी माता सीता का किरदार निभाती दिखेंगी. हालांकि, यश 'रावण' बन रहे हैं, जो अपने हिस्से का शूट कंप्लीट कर चुके हैं. यूं तो हर किसी को सनी देओल का इंतजार है, जो फिल्म में हनुमान बन रहे हैं. इस फिल्म से पहले रणबीर कपूर 'लव एंड वॉर' में दिखेंगे. वहीं एनिमल पार्क और धूम 4 भी उनके खाते में है.

# सारा अली खान

## की 'वैम्पायर' के साथ बनी जोड़ी, 'भूल भुलैया 2' वालों ने 2026 के लिए खेला बड़ा दांव!



सैफ अली खान की बेटी सारा का पूरा फोकस इस वक्त 'मेट्रो इन दिनों' पर है. उनकी यह फिल्म 4 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है. फिल्म में एक लंबी चौड़ी स्टार कास्ट है, जो फिलहाल प्रमोशंस में बिजी हैं. वहीं, सारा अली खान के खाते में और भी कई बड़ी फिल्में हैं. जिस फिल्म में उनकी एंट्री हुई है, वो एक कॉमिक एंटरटेनर है. पहले ही बता दिया गया था कि फिल्म इस साल अगस्त में फ्लोर पर आ जाएगी. पर कौन है वो एक्टर, जो इस साल 'वैम्पायर' बनकर एंट्री लेगा और सारा के साथ उसकी जोड़ी बना दी है.हाल ही में पिंकविला पर एक रिपोर्ट छपी. इससे पता लगा कि सारा अली खान को फ्रंट-फुटेड कॉमिक कैपर के लिए साइन किया गया है. जिसमें वो बतौर फीमेल लीड नजर आएंगी. इस फिल्म में सारा अली खान के अपोजिट एक टॉप एक्टर होगा. ऐसे में एक्ट्रेस ने जैसे ही फिल्म की स्क्रिप्ट सुनी, तो तुरंत फिल्म के लिए हां कह दिया.



**कौन है 'वैम्पायर', जो सारा संग दिखेगा ?**

दरअसल इस कॉमिक कैपर को Mudassar Aziz डायरेक्ट कर रहे हैं. जो पहले ही 'हैप्पी भाग जाएगी', 'पति पत्नी और वो' समेत 'खेल खेल में' के लिए जाने जाते हैं. सारा अली खान और आयुष्मान खुराना को साथ देखने के लिए फैन्स काफी एक्साइटेड हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, यह बीते दौर की एक स्पेशल कॉमेडी है, जिसमें कई एक्टर्स होंगे. कहानी कुछ ऐसी है कि लीड कैरेक्टर कॉमेडी की सिचुएशन में फंस जाता है. वहीं सारा के अलावा, फिल्म में दो और एक्ट्रेस भी हैं.इस फिल्म में कई सीनियर एक्टर्स भी दिखाई देने वाले हैं. फिलहाल फिल्म का टाइटल फाइनल नहीं किया गया है. पर कॉमिक फिल्म के लिए कास्टिंग चल रही है. इस फिल्म को Bhushan Kumar और Juno Chopra प्रोड्यूस कर रहे हैं. 'भूल भुलैया 2' और पार्ट 3 के लिए भूषण कुमार को काफी तारीफें मिली थी. इसी साल अगस्त में पिक्चर की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी.

**कब रिलीज होगी फिल्म ?**

मेकर्स का प्लान है कि नवंबर 2025 तक फिल्म का काम कंप्लीट कर दिया जाए. हालांकि, इस कॉमेडी फिल्म के अलावा आयुष्मान और सारा एक और फिल्म में दिखेंगे, जो धर्मा की स्पाई कॉमेडी है.

## न्यूज फ्लैश

### डॉ. राजीव बिंदल की प्रदेशाध्यक्ष बनने पर ज्वाली में बांटे लड्डू

दिव्या दिल्ली - दौलत चौहान (ज्वाली)

डॉ. राजीव बिंदल के हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनने पर ज्वाली भाजपा मंडल में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने जश्न मनाते हुए एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाई और आम जनता में लड्डू बांटे।भाजपा नेता संजय गुलेरिया, मंडल अध्यक्ष राजिंदर सिंह और महामंत्री सुलक्षण शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि डॉ. बिंदल का पार्टी में लंबा राजनीतिक अनुभव रहा है। उन्होंने कहा कि बिंदु एक कुशल संगठक और जमीनी नेता हैं, जिनके नेतृत्व में भाजपा प्रदेश में और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने दावा किया कि आगामी चुनावों में भाजपा भारी बहुमत से सरकार बनाएगी।भाजपा नेताओं ने पार्टी के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि डॉ. बिंदु के अनुभव और नेतृत्व से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ नारेबाजी कर पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर की।

### छूटे हुए उपभोक्ताओं को मिलेगा दो माह का राशन

दिव्या दिल्ली -मनीष ठाकुर ( कुल्लू)

जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, अरविंद शर्मा ने जानकारी दी कि माह जून, 2025 से विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उपभोक्ताओं को उचित मूल्य की दुकानों से मोबाइल ओटीपी तथा आधार फेस प्रमाणीकरण से राशन वितरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निरीक्षकों और उचित मूल्य दुकानदारों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बहुत से उपभोक्ताओं विशेषकर बुजुर्ग राशन कार्डधारकों के मोबाइल नंबर आधार से लिंक न होने के कारण, बिना ओटीपी प्रमाणीकरण से ऐसे उपभोक्ताओं को जून 2025 का राशन कोटा प्राप्त नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि विभाग ने लोगों कि इस समस्या को ध्यान में रखते हुए उचित मूल्य कि दुकानों में स्थापित पॉस मशीनों में जून 2025 के राशन बिक्री के लिये बैकलॉग सेल का प्रावधान कर दिया है। उन्होंने बताया कि सभी उचित मूल्यों कि दुकानों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि जिन उपभोक्ताओं को जून माह का राशन कोटा नहीं मिल पाया है, उन्हें अब जुलाई 2025 में जून माह का राशन भी जारी कर दिया जायेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं को अपना मोबाइल नंबर अपने आधार कार्ड के साथ लिंक करवाने कि भी अपील की, ताकि भविष्य मेँ इस तरह की मुश्किल का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने बताया कि इसके लिए संबंधित उचित मूल्य दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। उपभोक्ताओं को यह सुविधा जुलाई 2025 के कोटे के साथ-साथ जून 2025 का कोटा भी उपलब्ध करवा दिया जाये।

### कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता अमन सेठी ने NHAI के अधिकारियों पर उठाए सवाल

दिव्या दिल्ली- अमर पुंज (सोलन)



कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता अमन सेठी ने सोलन में NHAI के अधिकारियों पर उठाए सवाल। उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से आग्रह किया कि वह परमाणु से सोलन तक बने फोर लाइन में कार्यरत अधिकारियों की संपत्ति की जांच करवाए जिससे उनकी आय से अधिक संपति का पता चल सके ,कि उन्होंने कहां-कहां फ्लैट, जमीन ,मकान व लग्जरी गाड़िया खरीदी है उन्होंने कहा की परमाणु से सोलन तक बना फोर लाइन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा है उन्होंने कहा कि अभी तक फोर लाइन का कार्य पूरा नहीं हुआ है जगह-जगह भूस्खलन हो रहे हैं जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

## शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों और पुलों के निर्माण पर 54 करोड़ रुपये खर्च: केवल सिंह

### बीडीओ कार्यालय रैत का नया भवन मिशन मोड में अगले एक वर्ष में पूर्ण कर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा

दिव्या दिल्ली -शशि भूषण (शाहपुर)





उपमुख्य सचेतक एवं स्थानीय विधायक केवल सिंह पठानिया ने आज रैत में निमार्णाधीन खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) कार्यालय का निरीक्षण किया और बताया कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों एवं पुलों के निर्माण पर लगभग 54 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 5.50 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा बीडीओ कार्यालय रैत का नया भवन मिशन मोड में अगले एक वर्ष में पूर्ण कर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इस भवन निर्माण का कार्य हाल ही में प्रारंभ हुआ है और अब तक 25 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्य की गति और गुणवत्ता की सराहना की। केवल सिंह पठानिया ने यह भी बताया कि 1952 से संचालित यह बीडीओ कार्यालय अपनी भूमि तक से वंचित था और भवन भी बेहद जर्जर स्थिति में था। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती जनप्रतिनिधियों ने इस महत्वपूर्ण कार्यालय की स्थिति की ओर कभी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने भवन निर्माण हेतु समुचित बजट उपलब्ध करवाया।विधायक पठानिया ने कहा, ह्लकुछ लोग कहते हैं कि शाहपुर में विकास नहीं हो रहा, लेकिन हकीकत यह है कि यहां अनेक विकास परियोजनाएं तेजी से प्रगति पर हैं।

लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से सिविल अस्पताल शाहपुर का नया भवन निर्माण अंतिम चरण में है। इसके अतिरिक्त, लंज में 1.50 करोड़ रुपये की लागत से सीएचसी भवन का निर्माण किया जा रहा है। वहीं, पिछले 31 वर्षों से पुराने भवन में संचालित वेटरनरी अस्पताल शाहपुर के लिए भी नया भवन बनाया जा रहा है।ह्व उन्होंने कहा कि शाहपुर क्षेत्र में कई और विकास कार्य पाइपलाइन में हैं जिन्हें शीघ्र ही धरातल पर लाया जाएगा। उन्होंने दोहराया कि यदि कुछ कर गुजरने की इच्छाशक्ति हो तो कुछ भी असंभव नहीं है। इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग के अधिशासी अभियंता नेगी, खंड विकास अधिकारी कमलजीत, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ विपुल पुंज, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुरजीत राणा, प्रदीप बलोरिया, अजय कुमार चौधरी, उपप्रधान सुरेश पटाकू, पूर्व प्रधान रविन्द्र राणा, पंचायत समिति सदस्य सुखजीवन सिंह, देशराज तथा विधायक के सलाहकार विनय कुमार सहित बीडीओ कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रदेश सरकार श्रेष्ठ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध- डॉ. शांडिल




दिव्या दिल्ली- अमर पुंज (सोलन)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार नागरिकों को श्रेष्ठ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. शांडिल आज यहां क्षेत्रीय अस्पताल सोलन की रोगी कल्याण समिति के 29वें शासकीय निकाय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से रोगी कल्याण समितियों के कार्यों को और बेहतर किया जा रहा है। यह प्रयास किया जा रहा है कि रोगी कल्याण समितियां रोगियों को और अच्छी सुविधाएं प्रदान करें। इस दिशा में रोगी कल्याण समितियों के माध्यम से अस्पतालों की कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाना, स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक गुणवत्ता लाना तथा अस्पतालों के प्रबंधन को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में रोगी कल्याण समिति द्वारा रोगियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि समिति रोगियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं में वृद्धि के लिए सघन प्रयास करे। उन्होंने समिति की आय में वृद्धि के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। स्वास्थ्य मंत्री ने बैठक से पूर्व साईं समिति सोलन द्वारा भेंट की गई निक्षय मित्र किट रोगियों को भेंट की। बैठक में रोगी कल्याण समिति के विभिन्न विकास कार्यों के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के 02 करोड़ 70 लाख 18 हजार 500 रुपए के व्यय को अनुमोदित किया गया।

## हमीरपुर लोक निर्माण के जोन में 48 करोड़ रुपये का हुआ नुकसान

दिव्या दिल्ली- समित (हमीरपुर)



बरसात के शुरूआती दिनों में हुई बारिश से करोड़ों रुपये का नुकसान हमीरपुर लोक निर्माण विभाग जोन को उठाना पडा है जिसमें अब तक 48 करोड़ रुपये का नुकसान आंका गया है। जिसमें सबसे ज्यादा नुकसान अब तक सुजानपुर विधानसभा और धर्मपुर क्षेत्र को बारिश से पहुंचा है। लोक निर्माण विभाग हमीरपुर जोन के चीफ इंजीनियर विजय चौधरी ने बताया कि जिला हमीरपुर में अब तक 18 करोड़ का नुकसान हुआ है तो बिलासपुर जिला में छह करोड़ 92 लाख और धर्मपुर में छह करोड़ 90 लाख, ऊना जिला में 17 करोड़ 70 लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है। लोक निर्माण विभाग हमीरपुर जोन के चीफ इंजीनियर विजय चौधरी ने बताया कि धर्मपुर में एक सड़क मार्ग पर पुल भी ध्वस्त हुआ है तो पिछले दो दिनों में बंद पडे हुए सड़क मार्ग को खोला गया है।

## जन-जन का जीवन सरल बनाना ही प्रदेश सरकार का उद्देश्य - संजय अवस्थी

दिव्या दिल्ली- अमर पुंज (सोलन)



अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए गांव-गांव पहुंच रही है। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि जन-जन का जीवन सरल बनाना ही प्रदेश सरकार का उद्देश्य है। संजय अवस्थी आज सोलन जिला के अर्की में लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के ऊर्जावान नेतृत्व में समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं कार्यान्वित की जा रही है। किसानों की आर्थिकी को सुदृढ़ बनाने के लिए गेहूं, मक्की तथा हल्दी का समर्थन मूल्य तय किया गया है जिससे सभी किसान लाभान्वित हो सकें। संजय अवस्थी ने लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, विद्युत बोर्ड और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के समय सभी गांव की सभी सड़कों को सुचारू रखा जाए ताकि किसी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को बरसात के दृष्टिगत स्थान न छोड़ने के निर्देश भी दिए। विधायक ने कहा कि भारी वर्षा से होने वाली क्षति की दैनिक सूचना एकत्र व प्रेषित करने के लिए उपमंडलाधिकारी कार्यालय अर्की में उपमण्डल स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नम्बर 01796-220666 पर सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि विधानसभा क्षेत्र अर्की के किसी भी स्थान पर बरसात से यदि कोई नुकसान होता है तो हेल्पलाइन नंबर पर इसकी सूचना दें। विधायक ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को इनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। वरिष्ठ नेता सतीश कश्यप, बाघल लैंड लूजर सोसायटी के अध्यक्ष जगदीश ठाकुर, युवा कांग्रेस अर्की के अध्यक्ष सतीश कुमार विक्की, कांग्रेस पार्टी के प्यारेलाल, कमलेश शर्मा, धनीराम र, उपमण्डलीय पुलिस अधिकारी दाड़लाघाट संदीप , तहसीलदार अर्की विपिन वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी कुनिहार तन्मय कंवर, खंड चिकित्सा अधिकारी अर्की डॉ. मुक्ता , जल शक्ति विभाग के अधीशाषी अभियंता विवेक , प्रदेश विद्युत बोर्ड के अधीशाषी अभियंता संदीप , लोक निर्माण विभाग के अधीशाषी अभियंता राजेश शर्मा, वन मण्डलाधिकारी कुनिहार राजकुमार, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे

## चैतन्य शर्मा ने डॉ. नारायण लाल नड्डा के व्यक्तित्व को याद किया

दिव्या दिल्ली- राम प्रकाश ( गगरेट )



गगरेट के पूर्व विधायक व भाजपा नेता चैतन्य शर्मा ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी के पिता डॉ. नारायण लाल नड्डा के 100वें जन्मदिवस के शुभ अवसर पर उनके पैतृक निवास विजयपुर (बिलासपुर) पहुंचकर न केवल उन्हें शुभकामनाएं अर्पित कीं, बल्कि उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस अवसर पर चैतन्य शर्मा ने डॉ. नारायण लाल नड्डा के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन समर्पण, सादगी, सेवा और समाज के प्रति अनुकरणीय भावना का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रेरणादायक व्यक्तित्व विरले ही होते हैं, जिनका शतायु जीवन स्वयं में एक आशीर्वाद है और नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन का स्रोत भी। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. नारायण लाल का आशीर्वाद मिलना उनके लिए एक गौरव की बात है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे डॉ. नड्डा को उत्तम स्वास्थ्य, सुख-शांति और दीघार्यु जीवन प्रदान करें, ताकि उनका सानिध्य और अनुभव समाज को मिलता रहे। डॉ. नारायण लाल नड्डा एक सम्मानित चिकित्सक, शिक्षाविद् और समाजसेवी रहे हैं, जिन्होंने अपने जीवन में न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र को सेवा और सद्भाव का संदेश दिया। उनके पुत्र जगत प्रकाश नड्डा भारतीय राजनीति के शिखर पर हैं और यह उनके संस्कारों और मार्गदर्शन का ही परिणाम है। इस मौके पर चैतन्य शर्मा के साथ पार्टी के कई अन्य कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे। सभी ने डॉ. नड्डा जी को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनके स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की।

## दिव्य रथ शोभा यात्रा मे साईं भक्तों के साथ पूर्व विधायक अजय महाजन ने भी रौनक बढ़ाई

दिव्या दिल्ली- विनय महाजन ( नूरपुर)



नूरपुर दिव्य रथ यात्रा श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी का आज नूरपुर शहर मे साईं भक्तो द्वारा एक आयोजन किया गया ' यह एक आध्यात्मिक रथ यात्रा है जो देश के हर कोने मे सत्य साईं बाबा जी का दिव्य आशीर्वाद पहुंचाएगी ' आजकल यह रथ यात्रा हिमाचल प्रदेश के विभिन्न गावों कस्बो और शहरो से होते हुए आज नूरपुर मे दोहपर बाद वी वी एम नर्सिंग कालेज मलकवाल पहुंची ' यह रथ यात्रा चम्बा जिला से होती हुई पूर्व मंत्री राकेश पठानिया के कालेज मलकवाल पहुंची जहाँ इसके स्वागत का कार्यक्रम किया गया ' स्थानीय साई भक्तों के द्वारा स्वागत व पादुक पूजन सिविल अस्पताल नूरपुर मे किया गया उसके बाद यह दिव्य रथ यात्रा एक शोभा यात्रा के रूप मे बाजार से होती हुई नूरपुर के पुरातत्व विभाग के किले में स्थित श्री बृजराज स्वामी मंदिर में संपन्न हुई' जहां मंदिर कमेटी के सदस्यों ने इसशोभा यात्रा का स्वागत किया' उसके बाद शाम को साई भजन साईं भक्तो द्वारा मंदिर में किया गया।

इस दिव्य रथ यात्रा का निवास रात को स्व आर के महाजन के निवास पर रहा ' इस कार्यक्रम में निजी स्कूलों के बच्चों ने भी भाग लिया' इस यात्रा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक अजय महाजन ने भी साई भक्तों के साथ इस शोभायात्रा की काफी रौनक बढ़ाई।

## दलाई लामा का 90वां जन्मदिवस त्यौहार से कम नहीं

दिव्या दिल्ली- शशिभूषण ( धर्मशाला)

बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा का 90वां जन्मदिवस देश और दुनियाभर में रह रहे तमाम तिब्बतियों के लिए किसी बड़े त्योहार से कम नहीं, हर तिब्बतियन इन दिनों को बड़े ही हर्षोल्लास और संजीदगी से सेलिब्रेट कर रहे हैं, आज तिब्बत समुदाय से ताल्लुक रखने वाले सैकड़ों लोग भले ही भारत में रह रहे हों या भारत से बाहर आज दलाई लामा के जन्मदिवस को सेलिब्रेट करने ग्लोबल सिटी मैक्लॉडगंज आ रहे हैं, निर्वासित तिब्बत सरकार के तमाम सांसद भी मैक्लोडगंज पहुंच चुके हैं।

## एनसीसी हैंगर का कार्य शीघ्र करें पूर्णः उपायुक्त

दिव्या दिल्ली- मनीष ठाकुर ( कुल्लू)

भुंतर स्थित हवाई अड्डे पर निमार्णाधीन एनसीसी हैंगर के कार्य की प्रगति को लेकर आयोजित बैठक में उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने यह आदेश जारी किये। उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष बचे सिविल कार्य को समयबद्ध पूर्ण करें, ताकि जिले के एनसीसी एयर विंग के कैडेट्स को यहीं पर एयरक्राफ्ट के प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने लोक निर्माण के इलेक्ट्रिक विंग को यहाँ के इलैक्ट्रिक कार्य के लिए केबलिंग, डिजी सेट, सीसीटीवी लगाने के लिए टेंडर के कार्य को गति देने के दिशा-निर्देश जारी किये।






## आगामी सेब सीजन की तैयारियों पर समीक्षा बैठक आयोजित

दिव्या दिल्ली -मनीष ठाकुर ( कुल्लू)



आगामी सेब सीजन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन बहुउद्देश्यीय भवन, कुल्लू में किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त, तोरुल एस रवीश ने की। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं हित धारकों के साथ समीक्षा कि गयी, ताकि सेब सीजन के दौरान परिवहन, मंडियों की व्यवस्था, सुरक्षा, श्रमिकों की उपलब्धता और अन्य आवश्यक सेवाओं की उचित व्यवस्था की जा सके। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सेब सीजन के लिए सभी पूर्व तैयारी सुनिश्चित करें, ताकि बागवानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिभागियों से भी अपने-अपने स्तर पर सेब सीजन को सफल एवं सुचारु बनाने हेतु समुचित योजना और समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की। उपायुक्त ने आगामी सेब सीजन के आरम्भ होने से पहले सभी तैयारियों की समीक्षा की और विभागों को आगामी दिशा-निर्देश जारी किये। बैठक में मुख्य एवं लिंक सड़कों के रखरखाव एवं समय पर मुरम्मत ,फलों की त्वरित ढुलाई सुनिश्चित करने के लिए ट्रकों/परिवहन की सुविधाओं की उपलब्धता, फल उत्पादकों के हितों की रक्षा हेतु भाड़ा दरों को तर्कसंगत बनाए जाने, फल उत्पादकों को समय पर पैकिंग सामग्री की उपलब्ध करवाने, बाजार हस्तक्षेप योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और किसानों को उचित मूल्य दिलाने, सब्जी मंडियों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने और कानून व्यवस्था एवं ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने पर चर्चा करने के उपरांत दिशा-निर्देश जारी किये गये। उन्होंने जिला के सभी एसडीएम को भी अपने-अपने उपमंडलों में सेब सीजन को लेकर समय पर बैठक कर सभी औपचारिकता पूरी करने के निर्देश दिए, ताकि बागवानो को किसी प्रकार की मुश्किल का सामना न करना पड़े।


Published, printed and owned by Rajesh.Chauhan, printed at B B Graphic printer Z--57 Okhla Industrial Area ph.2 New Delhi -110020 and published at BG 6 305 B Paschim Vihar New Delhi --110063 Editor Rajesh.Chauhan. E mail ID-rajeshchauhan4569@gmail.com, Contact No. - 9873104569, RNI No DELENG/2013/54397